हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–223 : जौनपुर, मंगलवार 09 मई 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## अयोध्या को विकास के सर्वोच्च शिखर पर पहुंचाएंगे –सीएम योगी

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या से कोई रामभक्त लोकतंत्र के इस पर्व में विजयी होकर जाता है तो यहां के बारे में अच्छी धारणा बनती है पर जब रामभक्तों पर गोली चलाने वाला व्यक्ति कुछ भी वोट पा लेता है तो उसका बहुत खराब संदेश जाता है। लोगों के मन में धारणा जाती है कि ये सब क्या हो रहा है। यह लोकतंत्र का पर्व है, सबको एक वोट देना है। किसी का वोट छोटा–बड़ा नहीं है। सीएम ने आह्वान किया कि यहां 60 वॉर्ड हैं। 60 टोली बनाकर अपने बीच के महंत गिरीश पति त्रिपाठी व बोर्ड बनाने के लिए जनता से अपील कर दीजिए। अयोध्या हमारी है और इसके प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी भी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को मणिरामदास छावनी में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के महापौर प्रत्याशी गिरीश पति त्रिपाठी के पक्ष में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या को हम विकास के सर्वोच्च शिखर पर पहुंचाएंगे। अयोध्या पर देश दुनिया की नजर है, इसलिए यहां सर्वांगीण विकास के लिए सशक्त बोर्ड का गठन होना आवश्यक है। जब सशक्त बोर्ड गठित होगा तो विकास तीव्र होगा। सीएम ने कहा कि आज दुनिया में भारत के प्रति धारणा बदली है। वैश्विक संकट के समय दुनिया अब पीएम मोदी की ओर संकटमोचक के रूप में देखती है, ऐसे में यूपी किंकर्तव्यविमूढ़ की स्थिति में नहीं रह सकता। हमें बदलते भारत के साथ खुद को जोड़ना होगा। यूपी ने अपने बारे में बनाई गई धारणा को आप सबकी कृपा व आशीर्वाद से छह वर्ष में बदलने में सफलता पाई है। सीएम ने कहा कि छह वर्ष पहले कहीं बाहर जाते होंगे तो यूपी–संतों के बारे में अच्छी धारणा नहीं होती थी पर आज यूपी के नाम पर हर जगह सम्मान मिलेगा। हर कोई बोलेगा कि आप यूपी से आए हैं और संत हैं तो सोने पर सुहागा। संतों को सम्मान मिलता है, यह बहुत अच्छा लगता है। सीएम ने कहा कि 2017 से लगातार हम सभी दीपोत्सव के कार्यक्रम में भागीदार बनते हैं। विगत वर्ष पीएम ने उपस्थित होकर इसे नई ऊंचाइयां दीं। दीपोत्सव हमें त्रेतायुग की ओर ले जाता है। दुनिया अयोध्या आने के लिए लालायित रहती है। इस वर्ष रामनवमी में ही 35 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे थे। जनवरी में जब प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण पूरा होगा तो एक करोड़ से अधिक श्रद्धालु आएंगे। नगर निगम में मजबूत बोर्ड होना चाहिए। अयोध्या जितनी अच्छी, सुंदर, स्वच्छ होगी, उतनी ही अच्छी धारणा सनातन धर्म, पूज्य संतों, तीर्थस्थल व भारत के बारे में देश–दुनिया में जाएगी। सीएम ने कहा कि राम



जन्मभूमि आंदोलन से उनकी तीन पीढ़ियां जुड़ी हैं। वो खुद भी आत्मिक भाव से सर्वाधिक समय अयोध्या को देते हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या से उनका विशेष लगाव है। पिछले बोर्ड ने अच्छा करने का प्रयास किया। पूज्य संतों के बीच से कोई जाए और हमारे बोर्ड का नेतृत्व संतों के बीच से ही हो, इसलिए महंत गिरीशपति त्रिपाठी को चुनाव में उतारा है। अयोध्या कोई भी आए, आकर्षित होकर जाए। हमारी पीढ़ी सौभाग्यशाली है कि जो देख रही है कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजमान होकर अपनी कृपा का प्रसाद बरसाएंगे। संतों के सानिध्य में एक बार फिर से भारत सनातन धर्म की परंपरा को वैश्विक प्रतिष्ठा दिलाने का अभियान है। हमें भौतिक काया के साथ इस अभियान से जुड़ने का सौभाग्य मिल रहा है। सीएम ने कहा कि सूर्यवंश की राजधानी होने के नाते हम इसे सोलर सिटी बनाने जा रहे हैं।अयोध्या में पहले हमने नगर निगम बनाया, क्योंकि इसे स्मार्ट व सेफ सिटी के रूप में विकसित किया जा सके। फिर जनपद, कमिश्नरी का नाम बदला। अब इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन रहा है। देश या दुनिया में कहीं भी जाने के लिए अब अयोध्या से ही आप किसी भी कोने में जा सकेंगे। इस चुनाव के बाद सर्वे का कार्य प्रारंभ करेंगे। तीन वर्ष पहले हमने कोरिया की पहली महिला को दीपोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मान किया था। दक्षिण कोरिया की रानी अयोध्या की राजकुमारी थीं। वे दो हजार वर्ष पहले राजकुमारी अयोध्या से जलमार्ग से कोरिया गई थीं। अयोध्या से हम वाटरवेज प्रारंभ करने जा रहे। काशी में अब बड़े–बड़े जलयान आ रहे हैं। गंगा जी से कम जल सरयू जी में नहीं है। केवल नदी के पानी को चौनलाइज कर देना है। इस पर कार्य चल रहा है, फिर पर्यटन व अन्य संभावनाएं बढ़ेंगी। यहां एक्सपोर्ट के लिए पूर्वी बंदरगाह, हल्दिया से जोड़ने के लिए नया माध्यम प्राप्त होगा। कार्यक्रम में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष व मणिरामदास छावनी के पूज्य महंत नृत्य गोपाल दास, महंत सुरेश दास जी महराज, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सचिव चंपत राय, धर्मदास जी महराज, अवधेश दास जी महराज, रामशरण दास जी महराज, अयोध्या दास जी महराज, ज्ञानी गुरजीत सिंह, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेदप्रकाश गुप्ता, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र, निवर्तमान महापौर ऋषिकेश उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## गोरखपुर में हर ट्रैफिक चौराहे पर सुन सकेंगे मतगणना में कौन आगे चल रहा कौन पीछे

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर नगर निकाय चुनाव के नतीजे वाले दिन यानी 13 मई को हर ट्रैफिक चौराहे पर मतगणना की अपडेट सुनने को मिल जाएगी। इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) के जरिए जिला प्रशासन चरणवार मतगणना के आंकड़ों को घोषित कराएगा। शहर के 23 चौराहों पर यह आईटीएमएस सक्रिय है। इनमें तकरीबन सभी प्रमुख चौराहे शामिल हैं। मतगणना सुबह आठ बजे से शुरू हो जाएगी। 11 बजे तक मेयर पद की तस्वीर साफ हो जाएगी। हालांकि फाइनल नतीजे आने में दोपहर के करीब तीन बजे जाएंगे। इसी तरह दोपहर 12 बजे तक 40 वार्ड के पार्षद प्रत्याशियों का फैसला हो जाएगा तो वहीं बाकी 40 वार्ड के नतीजे दोपहर तीन बजे तक साफ हो जाएंगे। नगर निगम के मेयर व पार्षद पद के मतों की गिनती गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर और नगर पंचायत अध्यक्ष व सदस्य पद की गिनती संबंधित तहसीलों में होगी। मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू हो जाएगी। अगले डेढ़ घंटे में परिणाम आने शुरू हो जाएंगे। नगर निगम के 80 वार्डों के मतों की गणना दो चरणों में कराई जाएगी। एक साथ 40 वार्डों की गणना होगी । इसके लिए 40 जोड़े टेबल लगाए जाएंगे। एक टेबल मेयर के और दूसरे पार्षद पर के मतों की गिनती के लिए। पहले चरण के तहत वार्ड संख्या एक से वार्ड संख्या 10 , वार्ड संख्या 21 से वार्ड संख्या 30, वार्ड संख्या 41 से वार्ड संख्या 50 तथा वार्ड 61 से वार्ड संख्या 70 के मतों की गणना सुबह आठ बजे से शुरू होगी। दोपहर 12 बजे तक पहले चरण की गणना का काम पूरा हो जाने की उम्मीद है। इसके बाद दूसरे चरण की मतगणना शुरू हो जाएगी। दूसरे चरण में वार्ड संख्या 11 से वार्ड संख्या 20, वार्ड संख्या 31 से वार्ड संख्या 40, वार्ड संख्या 51 से वार्ड संख्या 60 तथा वार्ड संख्या 71 से वार्ड संख्या 80 के मतों की गणना की जाएगी। विश्वविद्यालय में यहां होगी वार्डों के मतों की गिनती नगर निगम के सभी वार्डों की मतगणना गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर में कराई जाएगी। प्रशासनिक तैयारी के मुताबिक वार्ड संख्या एक से 20 तक के मतों की गणना बैडमिंटन हाल में होगी। वार्ड संख्या 21 से 60 तक वाणिज्य भवन तथा वार्ड संख्या 61 से वार्ड संख्या 80 तक के मतों की गणना इंजीनियरिंग विभाग में की जाएगी। नगर निगम के सभी 80 वार्डों की गणना के लिए 384 कर्मचारियों को लगाया गया है। मतगणना के दौरान एक टेबल पर एक गणना सुपरवाइजर और तीन गणना सहायक तैनात किए गए हैं। कुल 1500 कर्मचारी तैनात किए गए हैं। आरओ–एआरओ को दी गई ट्रेनिंग मतगणना के मद्देनजर सोमवार को एनेक्सी सभागार में सभी आरओ व एआरओ को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उन्हें मतगणना से जुड़ी जानकारियां दी गईं। 10 मई को मतगणना में तैनात कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## बच्चों के टीकाकरण में फेल 11 जिलों की निगरानी के लिए बनेगी कमेटी : हर महीने की जाएगी समीक्षा

लखनऊ ब्यूरो : टीकाकरण में फेल 11 जिले में चालू वित्तीय वर्ष के लक्ष्य को लेकर अभी से नकेल कसी जा रही है। इन जिलों में निगरानी के लिए अलग से कमेटी बनेगी। वहीं, हर माह प्रदेश मुख्यालय से समीक्षा की जाएगी। इन जिलों में 90 फीसदी से कम टीकाकरण हुआ था, संबंधित सीएमओ से इसकी विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। स्वास्थ्य विभाग की कोशिश है कि वर्ष 2023–24 में इन जिलों का भी ग्राफ शत प्रतिशत के करीब पहुंच जाए। प्रदेश में बच्चों को निशुल्क टीकाकरण किया जाता है। इससे उनको डिप्थीरिया, टेटनस, काली खांसी, टीबी व खसरा, गलसुआ, रूबैला, निमोनिया, रोटावायरस, चिकनपॉक्स आदि गंभीर बीमारियों का सुरक्षा कवच मिल जाता है। वर्ष 2021–22 में टीकाकरण का ग्राफ 85.86 फीसदी तक रहा। वर्ष 2022–23 में शून्य से एक साल तक के 57,16,789 बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया। जो बच्चे नियमित टीकाकरण से छूट गए थे, उनके लिए जनवरी से मार्च तक विशेष अभियान चलाया गया। नतीजतन टीकाकरण का 98.39 फीसदी पहुंच गया। खास बात यह रहा कि 26 जिलों में 100 फीसदी से ज्यादा तो 11 जिलों में 90 फीसदी से कम टीकाकरण हुआ है। जालौन, ललितपुर और सुल्तानपुर में टीकाकरण 80 फीसदी तक भी नहीं पहुंच पाया। इसके लेकर विभाग अलर्ट हो गया है। जहां ज्यादा टीकाकरण हुआ है, उसके पीछे संबंधित क्षेत्र में औद्योगिक विकास होने की वजह से दूसरे जिलों के लोगों का आगमन माना जा रहा है। वहीं, जहां कम टीकाकरण हुआ है, उसे पलायन के साथ ही विभागीय लापरवाही भी माना गया है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने कम टीकाकरण वाले जिलों पर निगरानी बढ़ा दी है। कम टीकाकरण वाले जिले जालौन–71.54:, ललितपुर– 71.82:, सुल्तानपुर– 76.64:, हमीरपुर 81.45:, सिद्धार्थनगर– 81.93:, बदायूं– 82.04:, भदोही– 83.52:, सोनभद्र– 84.56:, अंबेडकरनगर– 86.92:, आजमगढ़– 89.11: और संतकबीरनगर– 89.87: पांच अधिकतम टीकारण वाले जिले गौतमबुद्धनगर– 132.15:, गाजियाबाद– 127.03:,



लखनऊ– 122.89:, बरेली– 122.80: और जौनपुर– 111.34: प्राथमिकता में है टीकाकरण स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा का कहना है कि टीकाकरण विभाग की प्राथमिकता में है। जिन जिलों में कम टीकाकरण हुआ है, उनकी विशेष निगरानी की जा रही है। कारणों की पड़ताल कर वर्ष 2023–24 के लक्ष्य को प्राप्त करने की कोशिश की जा रही है। कब–कब कौन सा टीकाजन्म से एक माह तक बीसीजी (टीबी से बचाव) जन्म से 24 घंटे के अंदर हेपेटाइटिस बी छह, 10, 14 सप्ताह तक ओपीवी (पोलियो) छह व 10, 14 सप्ताह पर रोटा वायरस (पेट में संक्रमण) छह व 10, 14 सप्ताह पेंटावेलेंट (गलघोटूं, काली खांसी, टेटनेस, हेपेटाइटिस बी, हिमोफिलस इन्फ्लुएंजा) छह व 14 सप्ताह और नौ माह पर– आईपीवी (पोलियो) छह व 14 सप्ताह और नौ माह पर– पीसीवी (निमोनिया) नौ माह व 12 माह मिजल्स– रूबेला (खसरा व रूबेला) नौ माह व 12 माह– जेई (जापानी इंसेफेलाइटिस) नौ माह व माह 12 माह– विटामिन ए। क्या कहते हैं विशेषज्ञ लोहिया संस्थान के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. केके यादव का कहना है कि बच्चे के पैदा होने से लेकर एक साल तक सभी टीके नियमित रूप से लगवाने चाहिए। इन टीकों के लगने के बाद बच्चों में संबंधित बीमारियां के होने की आशंका न के बराबर हो जाती हैं।

## डॉक्टर की सलाह : मिर्गी का दौरा पड़े तो जूता मत सूघांइए : इलाज करवाइए

गोरखपुर ब्यूरो : आम तौर पर मिर्गी के मरीजों का दौरा पड़ने पर लोग लोग जूते और मोजे सूंघाने लगते हैं। जबकि, यह पूरी से गलत है। क्योंकि, 95 फीसदी मिर्गी के मरीजों को दौरा दो मिनट का ही पड़ता है। दो मिनट के बाद दौरा आना बंद हो जाता है। इस दौरान जूते और मोजे सूंघाने वाले लोगों को लगता है कि वह उसी से ठीक हुआ है। ऐसे मरीजों का बीआरडी में इलाज चल रहा है। साथ ही मिर्गी के गंभीर मरीजों के कॉलेज प्रशासन ने ऑपरेशन का फैसला लिया है। कॉलेज प्रशासन के इस पहल के बाद पूर्वांचल के मरीजों को काफी हद तक राहत मिलेगी। बीआरडी मेडिकल कॉलेज के न्यूरो विशेषज्ञ डॉ. सुमित ने बताया कि 15 से 50 साल के लोगों में मिर्गी का सबसे बड़ा कारण न्यूरो साइटिस्टेरोसिस (तंत्रिका तंत्र का परजीवी रोग) है। ऐसे मरीजों को सलाह दी जाती है कि वह झाड़–फूंक के चक्कर में बिल्कुल न पड़ें। क्योंकि, बीआरडी मेडिकल कॉलेज में जो भी मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं, उनकी स्थिति बेहद खराब रह रही है। मरीजों ने बताया कि जब भी उन्हें दौरा पड़ता है तो आसपास के लोग जूते और मोजे सूंघाने लगते हैं। ऐसे 200 मरीजों का फालोअप किया जा रहा है। उन्हें दवा देकर हर माह बुलाया जा रहा है। बताया कि ऐसे दो से तीन फीसदी मरीजों के ऑपरेशन की जरूरत पड़ती है, जिसे बेहद कुशल न्यूरो सर्जन ही कर सकता है। क्योंकि, इसकी सर्जरी बेहद कठिन है। बीआरडी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गणेश कुमार ने बताया कि मिर्गी के मरीजों का इलाज सुपर स्पेशियलिटी सेवा में न्यूरो विशेषज्ञों की टीम अच्छे से कर रही है। काफी संख्या में बीआरडी में मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। जल्द ही मिर्गी के मरीजों का ऑपरेशन शुरू किया जाएगा, जिससे की उन्हें ऑपरेशन के लिए लखनऊ और दिल्ली नहीं जाना पडेघ्गा। अलग–अलग उम्र और



जेंडर के लिए अलग–अलग हैं दवाएं डॉ. सुमित ने बताया कि अलग–अलग उम्र और जेंडर के लिए अलग–अलग दवाएं हैं। अगर किसी को 20 साल की उम्र में अगर मिर्गी के दौरे आ रहे हैं तो ऐसे मरीजों को अलग दवा दी जाती है। इसी तरह अगर युवती को दिक्कत है तो उसकी दवाएं भी अलग है। अगर सही दवा नहीं चलती है तो युवाओं के वजन बढ़ने और बाल झड़ने की समस्या शुरू हो जाती है। इसी तरह अगर युवती को सही दवा नहीं दी गई तो शादी के बाद भविष्य में उसे मां बनने में दिक्कत होगी। अगर किसी तरह वह मां भी बन गई तो गर्भ में पल रहे बच्चे शारीरिक दिक्कतें हो सकती है। मिर्गी आने पर सीधे या करवट के बल लिटा दें न्यूरो मेडिसिन डॉ. अनुराग सिंह ने बताया कि परिवार में कोई मिर्गी रोगी है तो उसके दौरे की अवधि देखना जरूरी है। गंभीर स्थिति या ज्यादा अवधि के दौरे पर ही रोगी को अस्पताल में दिखाने की स्थिति बनती है। 95 फीसदी मरीजों को दो मिनट के ही दौरे आते हैं। जबकि, पांच फीसदी मरीजों को तीन से पांच मिनट के दौरे पड़ते हैं। ऐसे में अगर मरीज को मिर्गी के दौरे पड़ते हैं तो उसे जमीन पर या समतल स्थान पर करवट से लिटा दें या उसकी गर्दन एक ओर मोड़ दें, जिससे मुंह में जमा लार और झाग बाहर निकल जाए।

### पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## 12 मई को होगा ''सारस्वत संजीवनी'' का विमोचन एवं मिलनोत्सव

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ – सारस्वत समाज की प्रतिनिधि सामाजिक, आध्यात्मिक चेतना राष्ट्रीय एकता, सारस्वत समाज के पुनरूत्थान एवं स्नेह की अनन्य वार्षिक पत्रिका ''सारस्वत संजीवनी 2023'' के त्रयोदश संस्करण का विमोचन, सारस्वत समाज के नागरिकों




का मिलनोत्सव 12 मई 2023 को उ०प्र० उर्दू अकादमी, विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ में सायं 6.00 बजे से आयोजित किया गया है। सारस्वत संजीवनी परिवार के द्वारा सारस्वत संजीवनी का प्रकाशन किया जाता है जिसमें साहित्य, धर्म से सम्बन्धित जानकारी कविता, कहानी, लेख, तिथि–पर्व–विवर्णिका, सारस्वत समाज की विभिन्न क्षेत्रों में सम्मान पाने वाली प्रतिभाओं की सूची, सारस्वत संजीवनी परिवार के सदस्यों के विवरण के साथ विवाह योग्य लड़के–लड़कियों के विवरण का समावेश होता है। कार्यक्रम में स्थानीय सारस्वत बन्धुओं के साथ प्रदेश के विभिन्न शहरों से सारस्वत बन्धु शामिल होंगे। इस अवसर पर सारस्वत समाज की विभूतियों को ''सारस्वत रत्न'' उपाधि से सम्मानित किया जायेगा।

## जिलाधिकारी जौनपुर द्वारा सीतापुर आंख अस्पताल का किया गया औचक निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा के द्वारा सीतापुर आंख अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधि



कारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि अस्पताल भवन वर्तमान स्थिति का परीक्षण एक कमेटी बनाकर किया जाए और जो भी भवन में उपयोग लायक है उसे उपयोग में लाया जाए। उन्होंने बताया कि अस्पताल को और बेहतर कैसे बनाया जाए, इस पर विचार कर कार्यवाही किया जाएगा। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## 49 दिन बाद 100 से कम मिले कोरोना संक्रमित : प्रदेश में अब 1,212 सक्रिय मामले

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में करीब 49 दिनों के बाद 100 से कम कोरोना संक्रमित मिले हैं। सोमवार को 62 नए मरीज मिले। इनमें गौतमबुद्धनगर के 10, लखनऊ व मिर्जापुर के आठ–आठ, कासगंज के छह, पीलीभीत व अमरोहा के चार–चार, जौनपुर, बुलंदशहर व सहारनपुर के तीन–तीन, गाजियाबाद के दो और मेरठ के एक मरीज शामिल हैं। वहीं 161 लोग कोरोना मुक्त हो गए हैं। प्रदेश में अब एक्टिव केस 1,212 हैं। गत 20 मार्च को 103 मरीज मिले थे। इसके बाद मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हुआ। हालत यह था कि 19 अप्रैल को एक साथ 900 मरीज मिले थे। हालांकि इसके बाद मरीजों की संख्या में लगातार गिरावट हुई।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

हार को जीत में बदलना हो तो अपनीं इच्छा को प्रभु इच्छा में मिला दो।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## विश्व सिनेमा की जादुई दुनिया : ऑर्सन वेल्स– शेक्सपियर का दीवाना

तीन साल की उम्र से शेक्सपियर पढ़ने वाला वेल्स दस साल की उम्र तक शेक्सपियर के सारे काम को हजम कर चुका था। उसने स्कूल में आठ नाटक न केवल निर्देशित किए, वरन उनमें भूमिकाएं भी कीं। निर्देशन के साथ–साथ उसी काम में भूमिका करना उसका शगल था।

द ट्रायल' को अपनी सर्वोत्तम फिल्म मानने वाले जॉर्ज ऑर्सन वेल्स का जन्म 6 मई 1915 को विस्कोनसिन के केनोशा में हुआ था। ऑर्सन के पिता का नाम रिचर्ड हेड वेल्स और माता का नाम बिट्रियस था। ऑर्सन वेल्स के परबाबा केनोशा के एक प्रमुख अटर्नी थे, उनके नाम से ही उसे ऑर्सन नाम मिला था। उसके बड़े भाई का नाम जॉर्ज था। ऑर्सन के पिता ने बाइसिकिल लैंप बना कर काफी धन कमाया था। पर धन सब कुछ नहीं होता है, धन पारिवारिक सुख–शांति की गारंटी नहीं देता है। अक्सर यह मुसीबतों को साथ लाता है।

भौतिक समृद्धि के बावजूद वेल्स का बचपन बहुत दुःखी था। जब वह मात्र चार साल का था, 1919 में उसके माता–पिता का विवाह–विच्छेद हो गया और वे शिकागो चले गए। पिता शराबी हो गया, मां पियानोवादक थी सो वह आर्ट इंस्ट्यूट ऑफ शिकागो में डडले क्राफ्ट्स वाट्सन के लेक्चर के समय पियानो बजा कर अपना और अपने बेटे का पालन–पोषण करने लगी। ऑर्सन का बड़ा भाई बहुत पहले ही अधिगम की कठिनाई के कारण मानसिक अस्पताल में भर्ती था। लेकिन ऑर्सन की परेशानियां अभी समाप्त नहीं हुई थीं। अभी उसका नौंवा जन्मदिन ही मना था कि उसकी मां मात्र 42 वर्ष की उम्र में हेपेटाइटिस से ग्रस्त हो कर शिकागो अस्पताल में 10 मई 1924 को गुजर गई। बच्चे के जीवन से मां का जाना क्या असर डालता है यह बताने की आवश्यकता नहीं है।

''मैं जब मर जाऊंगा तब वे मुझे प्यार करेंगे''

अमेरिका, फ्रांस, इटली, मैक्सिको में शूटिंग करने वाले, निर्देशक, प्रड्यूसर, सह–लेखक और प्रमुख अभिनेता ऑर्सन वेल्स अपने अंतिम दिनों में कडुआहट और निःसंग भाव के मिश्रण के साथ अक्सर कहा करता था, 'गॉड, मैं जब मर जाऊंगा तब वे मुझे प्यार करेंगे।' उसने इसके बारे में अपने दोस्त और फिल्म निर्देशक हेनरी जगलोम से कहा था कि बस मेरे मरने का इंतजार करो। सब कुछ होगा। जिस कहानी से मेरा जरा–सा भी संबंध है, उसे भी सब खोद निकालेंगे। मेरे जीवन के बारे में कहानियां गढ़ेंगे, और यह सब कुछ बिकाऊ होगा। और ऐसा ही हुआ।

महानता के साथ अक्सर मिथक जुड़ जाते हैं, और वेल्स के साथ ऐसा हुआ भी, उसके साथ कई मिथक जुड़ते गए। उसके आलोचकों की कमी न थी। वैसे उसके जीवित रहते भी उसे प्यार करने वालों की, उसकी और उसके काम की प्रशंसा करने वालों की भी कमी न थी। फ्रेंच फिल्म सिद्धांतकार आंद्रे बाजां उनमें से एक था।

फिल्म निर्देशक की होती है, मानने वाले प्रसिद्ध आलोचक और फिल्म सिद्धांतकार आंद्रे बाजां का कहना है कि इसमें कोई शक नहीं, यदि वेल्स ने केवल दो फिल्में– 'सिटीजन केन' और 'द मैग्नीफिसेंट एम्बरसन्स' बनाई होती तो भी सिनेमा के इतिहास में ऑर्सन वेल्स का महत्वपूर्ण स्थान होता। उसकी फिल्मों में ये दो फिल्में एक बड़ा दृश्य रचती हैं, जिनका साथ–साथ अध्ययन किया जाना आवश्यक है।

तीन साल की उम्र से शेक्सपियर पढ़ने वाला वेल्स दस साल की उम्र तक शेक्सपियर के सारे काम को हजम कर चुका था। उसने स्कूल में आठ नाटक न केवल निर्देशित किए, वरन उनमें भूमिकाएं भी कीं। निर्देशन के साथ–साथ उसी काम में भूमिका करना उसका शगल था। रेडियो ने उसे प्रसिद्धि के शिखर पर बैठा दिया। 30 अक्टूबर 1938 में रेडियो पर उसके एच. जी. वेल्स के 'द वार ऑफ द वर्ल्ड्स' ने पूरे अमेरिका को हिला कर रख दिया था। अपनी फिल्मों में भी वेल्स ने शेक्सपियर को अमर कर दिया है। बाद में बहुत सारे फिल्म निर्देशकदृ चाहे वे किसी भी भाषा में फिल्म बना रहे हों दृ जिन्होंने शेक्सपीयर को ले कर काम किया उन पर वेल्स का प्रभाव पड़ना–ही–पड़ना था।

जब उसने 'सिटिजन केन' फिल्म बनाने का बीड़ा उठाया, वह इस क्षेत्र में अनाड़ी था। हॉलीवुड के कुलीनों के बीच वह बाहरी और अजनबी था, वे उससे अछूत की तरह व्यवहार करते। तीन फिल्म बनाने की बात हुई थी, लेकिन दो ठंडे बस्ते में चली गई और ऑर्सन वेल्स ने बनाई केवल 'सिटिजन केन'। जिसके बिना सिने–अध्ययन–अध्यापन का कोई प्रशिक्षण पूरा नहीं हो सकता है। इसका यह मतलब नहीं है कि उसकी अन्य फिल्मों का महत्व कम है। ऑर्सन वेल्स ने 1941 में 'सिटिजन केन' बनाई। वह इस फिल्म का निर्देशक, प्रड्यूसर, सह–लेखक, एडीटर और प्रमुख अभिनेता सब कुछ है।

'सिटीजन केन' के अलावा ऑर्सन वेल्स ने 'द थर्ड मैन', 'टच ऑफ इविल', 'चाइम्स एट मिडनाइट', 'ए मैन फॉर ऑल सीजन', 'द लेडी फ्रॉम सांघाई', 'एफ ऑर फेक', 'जेन एयर', 'द मैग्नीफिशेंट एमबेरसन्स' जैसी तमाम फिल्में बनाईं। उसकी कई फिल्मों की नायिका एक समय सेक्स बम कहलाने वाली उसकी एक पत्नी रीटा हैवर्थ हुआ करती थी। 'द लेडी फ्रॉम सांघाई' में वही नायिका थी। उसकी 'द ट्रेजडी ऑफ ओथेलोः द मूर ऑफ वेनिस' तथा 'द स्ट्रेंजर' विशेष रूप से देखी जानी चाहिए।

स्वप्नदर्शी ऑर्सन वेल्स ने अपनी कई फिल्मों की निर्माण प्रक्रिया पर भी फिल्में बनाईं, जिनमें 'फिल्मिंग द ट्रायल', 'फिल्मिंग ओथेलो' प्रमुख हैं। इसी तरह उसने कई अन्य साहित्यिक कृतियों जैसे 'मोबी डिक', 'कैच–22' तथा 'क्रैक इन द मिरर' पर भी फिल्में बनाईं।

अपने जीवन के अंतिम दिनों तक ऑर्सन वेल्स काम में व्यस्त था। मरने के ठीक दो घंटे पहले उसने एक साक्षात्कार दिया। 10 अक्टूबर 1985 को हृदयगति रुकने से उसकी मृत्यु हुई। वह 37 फिल्म, ढ़ेर सारी स्क्रिप्ट, खूब सारी आउटलाइन छोड़ कर 70 साल की उम्र में गुजरा। मृत्यु ने एक बार फिर से उसे और उसके काम को चर्चा के केंद्र में ला दिया। आखिरी कुछ सालों में हॉलीवुड भी उस पर मेहरबान हो गया था।

1975 में उसे अमेरिकन फिल्म इंस्ट्यूट ने लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा। 1985 में उसे डायरेक्ट्स गिल्ड ऑफ एमेरिकाज का सर्वोच्च सम्मान, डी. ड्ब्ल्यू. ग्रिफिथ सम्मान दिया गया। 'सिटिजन केन'. 'मेग्नीफिसेंट एम्बरसन्स', 'टच ऑफ इविल', 'लेडी फ्रॉम शांघाई', 'मैकबेथ', 'ओथेलो', 'चाइम्स एट मिडनाइट', 'एफ फॉर फेक', 'द ट्रायल', 'दि इम्मोर्टल स्टोरी' जैसी चमकदार, कलात्मक फिल्में ऑर्सन वेल्स की चमक को कभी धूमिल नहीं होने देंगी।

इतना सृजनात्मक कार्य कितने लोगों के रिकॉर्ड में होता है। बहुत कम कलाकारों का जीवन इतना प्रसिद्ध और समृद्ध होता है। वेल्स ने अपने जीवन में क्या नहीं किया। वह भी इतनी विपरीत परिस्थितियों में। काश उसे थोड़ा सकारात्मक वातावरण मिला होता तो वह और क्या–क्या कर पाता?

खैर, कयास लगाने से क्या फायदा, उसने जो किया है, उसे देखें, उसका मूल्यांकन करें, उसे सराहें। ऑर्सन वेल्स ने फिल्म जगत के लिए जितना किया, वह उसे अमर करने के लिए काफी है, उसकी प्रसिद्धि कभी धूमिल नहीं होगी।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## बिजली दर बढ़ने की संभावना खत्म : घटाने का मामला आयोग के पाले में : राज्य सलाहकार समिति की हुई बैठक

लखनऊ ब्यूरो : ऊर्जा विभाग की राज्य सलाहकार समिति की सोमवार को हुई बैठक में बिजली दर बढ़ाने के मामले को लेकर जमकर बवाल हुआ। जबरदस्त विरोध के बीच नियामक आयोग ने निगम अफसरों की हर दलील को खारिज कर दिया। ऐसे में अब बिजली दर बढ़ने की संभावना खत्म हो गई है। इतना जरूर है कि दर घटाने का मामला आयोग के पाले में है। सभी पक्षों को सुनने के बाद आयोग ने कहा कि जल्द ही वह मामले में आदेश जारी करेगा। नियामक आयोग सभागार में सोमवार को आयोग के अध्यक्ष आरपी सिंह की अध्यक्षता व सदस्य बीके श्रीवास्तव व संजय कुमार सिंह की मौजूदगी में राज्य सलाहकार समिति की बैठक शुरू हुई। बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं का जमा 25133 करोड़ रुपये को देखते हुए बिजली दर बढ़ाने के बजाय घटाने पर जोर दिया गया। पॉवर कारपोरेशन के अध्यक्ष एम देवराज ने आरडीएसएस स्कीम का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि जो वितरण हानियां भारत सरकार द्वारा अनुमानित हैं, उसे आयोग लागू करे। उसी आधार पर टैरिफ निधारण करें। प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने कहा की मेरिट आफ आर्डर (एमओडी) के मामले में कुल बिजली खरीद को देखा जाना चाहिए। इसका उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने विरोध किया। कहा कि आरडीएसएस में अनुमानित वितरण हानियां नहीं ली जा सकती। इस पर विद्युत नियामक आयोग अपने बिजनेस प्लान में पहले ही निर्णय दे चुका है। बिजनेस प्लान में अनुमानित वितरण हानियां वर्ष 2023–24 के लिए 10.31 प्रतिशत तय की गई हैं, जबकि पॉवर कारपोरेशन 14.90 प्रतिशत वितरण हानियां लागू करने की मांग कर रहा है। इससे उपभोक्ताओं पर भार पड़ेगा। बढ़ोतरी का प्रस्ताव असंवैधानिक है। विनियामक परिसंपति के मामले में तीन वर्ष में अदायगी का आदेश है। ऐसे में उपभोक्ताओं की जमा रकम को तीन वर्ष में लौटाया जाए। इसके आधार पर पांच से सात प्रतिशत की कमी की जानी चाहिए। आयोग अध्यक्ष ने कहा कि बिजली कंपनियों के विनियामक परिसंपति का मामला पहले ही खारिज किया जा चुका है। इसलिए उसे फिर से खारिज किया जाता है। बैठक में आए सभी बिंदुओं को संकलित कर जल्द ही फैसला सुनाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिजली कंपनियों के बढ़ोतरी प्रस्ताव को केवल जनसुनवाई में दिखाया गया है। उस पर निर्णय नहीं हुआ है। बैठक में ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारी



मौजूद रहे। छाया रहा कर्मचारियों के घर मीटर लगाने का मामला बैठक में एक लाख से ज्यादा विभागीय कर्मचारियों के घरों पर मीटर लगाने का मुद्दा भी छाया रहा। पावर कारपोरेशन हर हाल में मीटर लगाने की तैयारी होने की बात कह रहा है। इस पर तय हुआ कि बिजली कंपनियां एक निर्धारित समय बताएं कि वे कब तक सभी कर्मचारियों के यहां मीटर लगा पाएंगी। इसका आकलन कर रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। बैठक में समिति के सदस्य प्रोफेसर भरत राज सिंह ने सोलर उपभोक्ताओं की नेट बिलिंग को भी सुचारु रूप से लागू करने की मांग उठाई। ललितपुर पावर जेनरेशन कंपनी से अमित मित्तल ने कहा कि अलग–अलग बिजली कंपनियों की अलग–अलग बिजली दर कई प्रदेशों में लागू है। इस पर भी विचार किया जाए। किसानों का मुद्दा भी उठा उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने किसानों का मुद्दा भी उठाया। कहा कि एक अप्रैल 2023 से बिजली फ्री करने की घोषणा की गई है, लेकिन अभी तक कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। इस पर आयोग अध्यक्ष ने कहा कि यह मामला सरकार और आयोग के बीच का है। जो भी सरकार ने सब्सिडी का एलान किया है, उसके आधार पर टैरिफ में निर्णय लिया जाएगा। बिजली गड़बड़ी का मामला भी उठा बैठक में बिजली बिलिंग की गड़बड़ी का मामला भी उठा। उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने कहा कि जिन बड़े विद्युत उपभोक्ताओं की बिलिंग व्यवसायिक में होनी चाहिए, उनकी इंडस्ट्रियल में की जा रही है। क्योंकि इंडस्ट्रियल में लगभग एक रुपया प्रति यूनिट की कम टैरिफ है। इससे करपोरेशन को हर साल करोड़ों रुपये का चूना लग रहा है। दो फीसदी छूट की मांग उपभोक्ता परिषद ने मांग की कि समय से बिल जमा करने वाले विद्युत उपभोक्ताओं को मिल रहे एक फीसदी की छूट को बढ़ाकर दो फीसदी किया जाए। इसी तरह नोएडा पावर कंपनी पर उपभोक्ताओं का करीब 2000 करोड़ निकल रहा है। वहां भी पांच साल तक 10 फीसदी बिजली दर में छूट दी जाए। इस पर विभागीय अफसरों ने चुप्पी साध ली।

## 01 वर्ष हेतु निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराये जाने का लिया गया निर्णय –जिला पूर्ति अधिकारी

जौनपुर सू.वि. : जिला पूर्ति अधिकारी ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि भारत सरकार द्वारा, योजनान्तर्गत गरीब लाभार्थियों के आर्थिक बोझ को कम करने तथा राष्ट्रीय एकरूपता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, एनएफएसए में आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को माह–जनवरी, 2023 से माह–दिसम्बर, 2023 तक, 01 वर्ष हेतु निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त के क्रम में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम–2013 के अन्तर्गत माह–मई, 2023 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का, निःशुल्क वितरण 10 मई 2023 से 22 मई 2023 के मध्य किया जायेगा। उक्त वितरण अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को 35 किग्रा0 खाद्यान्न (14 किग्रा0 गेहूं तथा 21 किग्रा0 चावल) तथा पात्र गृहस्थी राशन कार्डों से सम्बद्ध यूनिटों पर 05 किग्रा0 खाद्यान्न प्रति यूनिट (02 किग्रा0 गेहूं व 03 किग्रा० चावल) का निःशुल्क वितरण लाभार्थियों में सुनिश्चित कराया जायेगा। खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकेंगे। उक्त योजनान्तर्गत खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण की अंतिम तिथि 22 मई 2023 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा। तत्क्रम में जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि वे पूर्व में जारी सोशल डिस्टेन्सिंग के निर्देशो का पालन कराते हुए नियमानुसार लाभार्थियों / राशनकार्डधारकों में खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अपनी उचित दर दुकानों पर उक्त योजना के सम्बन्ध में इसकी सूचना चस्पा करेंगे, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रह जाये।

## जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों का किया गया औचक निरीक्षण



जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा के द्वारा प्राथमिक विद्यालय मतापुर, प्राथमिक विद्यालय रामनगर भड़सरा, इंग्लिश मीडियम पी.एस. चकताली एवं पी.एस. भुवालपट्टी का औचक निरीक्षण कर शिक्षण व्यवस्था का जायजा लिया। प्राथमिक विद्यालय मातापुर निरीक्षण के दौरान कक्षा 02 के छात्र अध्यांश उपाध्याय एवं जयसूर्या पटेल से हिंदी का उच्चारण कराया और उनका उत्साहवर्धन किया। प्राथमिक विद्यालय रामनगर भड़सरा के निरीक्षण के दौरान बच्चों से किताब पढ़वाई और पाया कि विद्यालय में शौचालय अच्छी दशा में है, पेयजल की उचित व्यवस्था है विद्यालय में समरसेबल लगाया गया है। पीएस भुवालपट्टी निरीक्षण के दौरान बच्चों एवं शिक्षकों के उपस्थिति की जानकारी ली और प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया कि प्रेयर मीटिंग के दौरान बच्चों के नाखून, यूनिफॉर्म चेक किए जाएं। बच्चों को बेसिक चीजें बताई जाए जैसे कि नियमित रूप से नाखून काटना, बालों में कंघी करना, हाथ साफ करना, प्रतिदिन स्नान करके ही स्कूल आना। इंग्लिश मीडियम पी.एस. चकताली के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को कक्षा 02 की सृष्टि यादव ने हिंदी एवं इंग्लिश का उच्चारण और कक्षा 05 के आयुषी यादव, प्रिंश एवं खुशी यादव में संस्कृत में कविता सुनाई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा सभी अध्यापकों को निर्देशित किया गया कि बच्चों को अच्छे से पढ़ाया जाए। उन्हें अपने बच्चों की तरह संस्कार एवं शिक्षा दी जाए। सभी शिक्षकों से कहा कि बच्चों को निडर एवं आत्म विश्वास की भावना जागृत की जाए ताकि वह कहीं भी अपने आप को प्रदर्शित कर सकें। उन्होंने निर्देश दिया कि मीनू के हिसाब से मध्यान भोजन दिया जाए। जिलाधिकारी ने विद्यालयों में साफ–सफाई कराने हेतु निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एमडीएम के जिला समन्वयक अरुण कुमार मौर्य, प्राथमिक विद्यालय मतापुर में सहायक अध्यापिका संगीता पांडेय, शिक्षामित्र भावना यादव, प्राथमिक विद्यालय भड़सरा में सहायक अध्यापक सुमन मौर्य, आरती सिंह, इंदुमती सिंह, मनोरमा इंग्लिश मीडियम पीएस चकताली में रोली अस्थाना, पूनम राव, डॉक्टर उषा सिंह, रंजना तिवारी उपस्थित रही।

## भारत–नेपाल मैत्री के तहत दिल्ली में होगा तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय नई दिल्ली। भारत–नेपाल मैत्री की साझा विरासत को बढ़ाने व तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के मद्देनजर राजधानी के छतरपुर में ऑल इंडिया ताइक्वांडो फेडरेशन के पदाधिकारियों की वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में आयोजन की तैयारियों पर चर्चा के साथ–साथ कार्यक्रम के ब्लूप्रिंट की जानकारी दी गई। फेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ताइक्वांडो प्रशिक्षक मास्टर जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस विशेष बैठक में बताया गया कि दिसंबर कें पहले पखवाड़े में दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होने वाली इस खेल प्रतिस्पर्धा में देश–विदेश के 1500 से अधिक खिलाड़ी प्रशिक्षक भाग लेने की उम्मीद है। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी व प्रशिक्षक रेखा सिंह, फेडरेशन के उपाध्यक्ष व राजनीतिक कार्यकर्ता



रिजवान रजा, संस्था विशेष सलाहकार भाई चंद्रकांत जी, संस्था विशेष सलाहकार सुभांकर देवनाथ, वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक रितेश सिन्हा, वरिष्ठ लेखक संजयपति त्रिपाठी, युवा राजनीतिक कार्यकर्ता व साफ्टवेयर इंजीनियर आशुतोष उपस्थित रहे। बैठक में युवा ताइक्वांडो प्रशिक्षकों एवं खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत परिचय भी दिया।

## ईगल स्पेशियली एबल्ड राइडर्स के महिला मॉडल्स को नारी गौरव सम्मान

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय नई दिल्ली। पुरवार अचीवर्स फाउंडेशन (दिल्ली), एम्पोवेरेड विमेंस फोरम इंडिया व सहयोगी संस्था एकता फाउंडेशन द्वारा दिल्ली के मैजेस्टिक क्राउन बैंक्वेट में, 16वे राष्ट्रीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि बीजेपी दिल्ली के उपाध्यक्ष राजन तिवारी, सेलेब्रिटी गेस्ट बॉलीवुड एक्टर जुनैद हुसैन खान, रोंने शाह, एकता फाऊंडेशन की डायरेक्टर किरन सिंह व अन्य अतिथिगण उपस्थित रहे, मंच का संचालन स्मृति महाजन व शिल्पी बहादुर द्वारा शानदार तरीके से किया गया। संस्था द्वारा राष्ट्र रतन अवार्ड, राष्ट्र गौरव अवार्ड, नारी गौरव सम्मान , ग्लोबल वीमेन पॉवर अवार्ड, प्राइड ऑफ भारत के लिए नॉमिनेशन पूरे इंडिया से मंगवाए गए, 51 प्रोफाइल को संस्था द्वारा सिलेक्ट कर सम्मानित किया गया। पुरवार अचीवर्स फाउंडेशन दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष में अपनी एक अलग पहचान बना चुकी है, संस्था द्वारा ईगल स्पेशियली एबल्ड राइडर्स की लक्ष्मी, मुफ्लिहा और पूनम सिंह को नारी गौरव सम्मान से सम्मानित किया, इस कार्यक्रम में वाक फॉर कॉज व कल्चरल शो का भी शानदार आयोजन किया गया, जिसमें स्पेशल बच्चो द्वारा रैंप वाक एवं आमिर सिद्दीकी की संस्था वर्ल्ड एवं लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड्स से सम्मानित ईगल स्पेशियली एबल्ड राइडर्स के विशेष मॉडल्स लक्ष्मी, मुफ्लिहा और पूनम सिंह द्वारा फैशन शो भी किया गया। पूनम (बिहार प्रदेश अध्यक्ष – ईगल स्पेशियली एबल्ड राइडर्स) का कहना है की अपनी शारीरिक अक्षमताओं को नजर



नदाज करके कठोर से कठोर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है, ईगल स्पेशिएली एबल्ड राइडर्स रेट्रोफिटेड स्कूटी से लगभग भारत के पंद्रह राज्यों में जागरूकता राइड ब्लड डोनेशन, विश्व शांति, शिक्षा, स्वास्थ, मतदान, महिला सशक्तिकरण, दिव्यांगो का अधिकार, इत्यादि के लिए कर चुका है। कार्यक्रम के अंत में आयोजक डॉ मनोज पुरवार व डॉ

## एसडीएम ने लेखपाल से मांगा स्पष्टीकरण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय गोण्डा। उप जिलाधिकारी मनकापुर ने क्षेत्रीय लेखपाल से स्पष्टीकरण मांगा है कि धर्मेन्द्र कुमार लेखपाल, क्षेत्र–हरनाटायर, तहसील–मनकापुर, आज दिनांक 09.06.2023 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष शिकायतकर्ता शेष नरायन शुक्ला पुत्र महावीर प्रसाद निवासी ग्राम हरनाटायर परगना व तहसील मनकापुर मनकापुर जनपद गोण्डा द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया है कि झिलाही–वजीरगंज मार्ग के बगल पी0डब्लू0डी0 की भूमि पर बालकराम चौहान पुत्र महावीर चौहान निवासी ग्राम इटरौर परगना व तहसील मनकापुर थाना मनकापुर जनपद गोण्डा द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा है। उक्त निर्माण कार्य को रोकने के सम्बन्ध में प्रार्थी कई प्रार्थना पत्र दे चुका है किन्तु अवैध निर्माण कार्य नही रूका है। उक्त के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा आपको बार–बार लिखित रूप से एवं मौखिक आदेश देने के बावजूद आपके के द्वारा न तो अवैध निर्माण रूकवाया गया और न कोई विधिक कार्यवाही की गयी। जिससे यह प्रतीत होता है उक्त अवैध निर्माण कार्य में आपकी भी संलिप्तता है। अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप उक्त के सम्बन्ध 03 दिवस के भीतर अपना सन्तोषजनक उत्तर/ स्पष्टीकरण अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करें तथा पी0डब्लू0डी० की भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण कार्य को मौके पर जाकर तत्काल रुकवाना सुनिश्चित करें। यदि आपके द्वारा समय से सन्तोषजनक उत्तर नहीं दिया जाता है तो यह समझा जायेगा कि इस सम्बन्ध में आपके कुछ नही कहना है। तदनुसार आपके विरूद्ध अग्रेतर कार्यवाही कर दी जायेगी, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

## पान मसाले पर टैक्स दोगुना : घाटे में बेच रहीं कंपनियां फिर भी मालामाल : 37 साल में एक रुपये महंगा हुआ मसाला

लखनऊ ब्यूरो : पान मसाला और तंबाकू उद्योग की तिकड़म के सामने गणित के सारे फॉर्मूले फेल हैं। टैक्स चोरी की वजह से हमेशा जांच एजेंसियों की हिटलिस्ट में रहने वाले इस सेक्टर पर अंकुश लगाने के लिए अप्रैल में टैक्स का भार दोगुना कर दिया गया। इसके बावजूद पान मसाला और तंबाकू के पाउच पर महंगाई का कोई असर नहीं पड़ा है। हैरत में पड़े (वस्तु एवं सेवा कर) जीएसटी और डायरेक्टर जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलीजेंस (डीजीजीआई) के अधिकारी फिलहाल ''वेट एंड वाच'' की स्थिति में हैं। इंतजार करो और देखो की। पान मसाला और तंबाकू पर 28 फीसदी जीएसटी लगता है। इसके अलावा मसाले पर 32 फीसदी और तंबाकू पर 51 फीसदी सेस भी लिया जाता है। अप्रैल से पहले दोनों टैक्स, मसाले के पाउच पर दर्ज कीमत के बजाय कंपनी द्वारा जारी बिल पर लगते थे। टैक्स बचाने के लिए कंपनियां 25 हजार के मसाले की कीमत महज 10 हजार रुपये दिखाकर इसी मूल्य पर टैक्स भर देती थीं। जीएसटी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस नियम की आड़ में जमकर टैक्स चोरी की जा रही थी। चूंकि किसी भी उत्पाद पर अधिकतम जीएसटी 28 फीसदी ही लगाया जा सकता है, जो मसाले और तंबाकू इंडस्ट्री से पहले ही लिया जा रहा था। इसलिए जीएसटी काउंसिल ने एक अप्रैल से बिल के बजाय फुटकर बिक्री मूल्य पर सेस लगा दिया। व्यवस्था में बदलाव का असर ये हुआ कि पांच रुपये वाले पान मसाले पर सेस लगभग 60 पैसे से बढ़कर 1.28 रुपये हो गया। वहीं, साथ में मिलने वाली तंबाकू पर सेस लगभग 84 पैसे से बढ़कर 2.04 रुपये हो गया। दो रुपये, दस रुपये और बीस रुपये वाले पान मसाला पाउच पर भी यही फॉर्मूला है। निगरानी एजेंसियों को उम्मीद थी कि इससे टैक्स चोरी में कमी आएगी और मसाला महंगा होने से मांग घटेगी। मगर हुआ इसका उलटा। पांच रुपये वाले मसाला व तंबाकू पाउच की लागत ही करीब 8 रुपये और ढाई रुपये वाले पाउच की लागत करीब 4 रुपये हो गई। डीजीजीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नई टैक्स व्यवस्था लागू होने के 38 दिन बाद भी कीमत न बढ़ने से विभाग अलर्ट हो गया है। नए सिरे से जांच की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने आशंका जताई कि चोरी से चलने वाली पान मसाला मशीनों की संख्या में 30 फीसदी तक इजाफा हो सकता है। 37 साल में महज एक रुपये महंगा हुआ मसाला चार दशक में दुनिया भले इधर से उधर हो गई हो। इस अवधि में सरकारी रिकॉर्ड में महंगाई दर 300 फीसदी हो गई हो लेकिन पान मसाला और तंबाकू की दुनिया पर कोई खास असर नहीं आया। जो पाउच वर्ष 1985 में एक रुपये का बिकता था, आज केवल दो से ढाई रुपये में बिक रहा है। अधिकारी के मुताबिक पांच रुपये वाले पाउच में टैक्स हटाने के बाद लगभग 1.10 रुपये बचते हैं। इसमें कच्चा माल, तंबाकू, पैकिंग, परिवहन, भंडारण, डीलर, फुटकर और कंपनी का मुनाफा सहित अन्य खर्च शामिल हैं, जो असंभव है।

# भारत विकास परिषद का 10वां दायित्व ग्रहण समारोह सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारत विकास परिषद का 10वा दायित्व ग्रहण एव पुरस्कार वितरण समारोह मंगलम मैरेज लान में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में आये प्रसिद्ध समाजसेवी विवेक सेठ मोनू जी एव विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संपर्क ब्रह्मानंद पेसवानी जी क्षेत्रीय महासचिव नवीन श्रीवास्तव जी प्रांतीय अध्यक्ष प्रवीण पटेल जी प्रांतीय महासचिव रवि प्रकाश जायसवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।सभी का स्वागत अध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव ने किया। तत्पश्चात पिछले सत्र 2022–23 में सम्पन्न हुए कार्यों का ब्योरा सचिव दिलीप जायसवाल ने प्रस्तुत किया।महिला संयोजिका बबिता जायसवाल ने सत्र में महिलाओं के उत्थान के लिए किए गए कार्यों का ब्योरा दिया।कोषाध्यक्ष शरद साहू ने सत्र के दौरान हुए आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया।अध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव ने संस्था द्वारा कराए गए विभिन्न कार्यो के लिए सभी प्रकल्प प्रमुखों को स्मृति चिन्ह एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद नए सत्र 23–24 के लिए काशी प्रान्त से आये प्रान्तीय अध्यक्ष प्रवीण पटेल जी ने अध्यक्ष शिव कुमार सचिव पंकज सिंह महिला संयोजिका श्वेता अग्रहरी एव कोषाध्यक्ष शरद साहू को पद एव कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गयीं।तत्पश्चात अध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता द्वारा अपनी कार्यकारिणी के सदस्यों को पद एव कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।प्रान्तीय महासचिव रवि प्रकाश जायसवाल ने 28 नए सदस्यों को पद एव कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि विवेक सेठ मोनू ने नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति एवं मूल्यों पर आधारित यह संस्था समाज से वंचितों असहायों एव वनवासियों के लिये अच्छा कार्य कर रही हैं जहा हमारी जरूरत होगी हम संस्था के साथ तन मन धन से तैयार है। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय ब्रह्मानंद पेसवानी ने बधाई देते हुए कहा कि संस्था द्वारा कराए गए सभी कार्यों की सराहना की एव पूरे देश में परिषद द्वारा कराए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी । प्रांतीय अध्यक्ष प्रवीण पटेल को ने नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि परिषद का सत्र नवसंवत्सर से शुरु होता है और यह परिषद के पाँच सूत्रों पर कार्य होता है जो कि संपर्क,




सहयोग, सेवा, संस्कार ,समर्पण है।प्रान्तीय महासचिव रवि प्रकाश जायसवाल ने नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि जौनपुर शाखा का कार्य हमेशा सराहनीय रहा है विगत वर्ष जौनपुर शाखा प्रांत में श्रेष्ठ शाखा सर्वश्रेष अध्यक्ष सर्वश्रेष्ठ सचिव सहित विभिन्न प्रकल्पो में भी सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्राप्त किया है।अंत मे अध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता द्वारा स्वीकारोक्ति भाषण में कहा नशा मुक्ति पर कार्य करेगी।सहयोग संस्कार, सेवा,समर्पण, का आधार बिन्दु ''सम्पर्क '' ही है। विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से इस सत्र में अपने कार्यो द्वारा परिषद को नई ऊंचाई पर ले जाने का प्रयास करूंगा। परिषद के मूल सिद्धांत एवं सूत्रों का पालन करते हुए सर्वश्रेष्ठ करने का प्रयास करुंगा। परिषद के कार्यो से प्रभावित होकर नई सदस्य श्रीमती रेनुका गुप्ता( ऊर्दू बाजार ) ने स्वेच्छापूर्वक नेत्रदान करने की इच्छा व्यक्त की।शाखाध्यक्ष शिव कुमार ने जल्द ही नेत्रदान प्रकल्प शुरू करने की बात कही।अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम् प्रदान किया ।कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष लोकेश साहू विक्रम गुप्ता भृगुनाथ पाठक ,सर्वेश जायसवाल , ब्रहमेश शुक्ला संतोष सिंह, संतोष त्रिपाठी, आशीष गुप्ता ,राधेरमण जायसवाल ,प्रदीप श्रीवास्तव ,नारायण दास,प्रदीप सिंह रिंकू, धर्मवीर जी, शिव प्रकाश मौर्या ,संदीप पांडे सुजीत गुप्ता, दिवाकर गुप्ता,प्रदीप जायसवाल , ,डॉ गौरव मौर्य ,अतुल सिंह ,घषि श्रीवास्तव ,शैलेन्द्र निषाद रमेश श्रीवास्तव अवधेश गिरी,संतोष अग्रहरि,सतेंद्र अग्रहरि,संजय अस्थाना, अजय सत्या एव विभिन्न संस्थाओं से आये तमाम लोग उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन अतुल जायसवाल ने किया आभार कार्यक्रम संयोजक प्रभात भाटिया ने व्यक्त किया।

## गोरखपुर में मरीज माफिया : सरकारी नर्स और वार्ड ब्वॉय के चक्कर में न आएं : निजी अस्पतालों में कर देंगे सौदा

गोरखपुर ब्यूरो : सरकारी अस्पतालों से निजी अस्पतालों में मरीजों भेजने के खेल में अब वार्ड ब्वॉय के साथ स्टाफ नर्स भी खुलकर सामने आ गई हैं। वार्ड ब्वॉय के साथ स्टाफ नर्स मरीजों को निजी अस्पतालों में बेच रहीं है। इसके एवज में उन्हें मरीजों के हिसाब से रुपये दिए जा रहे हैं। बीआरडी मेडिकल कॉलेज में स्टाफ नर्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के बाद यह खुलासा हुआ है। मामले में कॉलेज प्रशासन ने भी स्टाफ नर्स और वार्ड ब्वॉय के खिलाफ जांच का फैसला लिया है। बीआरडी मेडिकल कॉलेज के आसपास निजी एंबुलेंस चालकों का जमावड़ा रहता है। यह एंबुलेंस चालक करीम नगर और उसके आसपास के इलाकों के रहने वाले हैं। इनका गठजोड़ इतना मजबूत है कि यह खुले तौर पर जाकर बीआरडी मेडिकल कॉलेज के ट्रॉमा सेंटर में सीधे मरीजों को उठा लेते हैं और बरगलाकर उन्हें ऐसे निजी अस्पतालों में ले जाते हैं, जहां पर उनकी सेटिंग रहती है। इस खेल के बदले उन्हें हर मरीज 10 हजार से लेकर 25 हजार रुपये तक मिलते हैं। सर्जरी वाले मरीजों का रेट 20 से 25 हजार के आसपास हैं। जबकि, सामान्य मेडिसिन वाले मरीजों का रेट एंबलुेंस चालकों ने पांच से 10 हजार रुपये तय कर रखा है। इस बात का खुलासा भी सत्यम हॉस्पिटल के गिरफ्तार संचालक कर चुका है। इसके बाद भी इनके नेटवर्क को स्वास्थ्य विभाग तोड़ नहीं पा रहा है। बीआरडी कैंपस में निजी एंबुलेंस के आने पर है रोक बीआरडी मेडिकल कॉलेज के कैंपस में निजी एंबुलेंस के आने पर पूरी तरह से रोक है। इसे लेकर अस्पताल प्रशासन लिखा पढ़ी में एडीजी तक से शिकायत कर चुका है, लेकिन इसके बाद भी इस पर रोक नहीं लग पा रहा है। यही कारण है कि एंबुलेंस चालक नियमों को दरकिनार कर मरीजों को सेटिंग के बल पर निजी अस्पतालों में बेखौफ पहुंचा रहे हैं। इस खेल में बीआरडी के वार्ड ब्वॉय, स्टाफ नर्स सहित अन्य कर्मचारी भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि इसमें कुछ डॉक्टरों की भूमिका भी संदिग्ध है। क्योंकि, उनका भी बीआरडी के आसपास निजी अस्पताल चल रहा है। बिहार के मरीज निशाने पर बीआरडी मेडिकल कॉलेज में बिहार के मरीज इलाज के लिए सबसे अधिक आते हैं। यहीं मरीज एंबुलेंस चालकों और कॉलेज के स्वास्थ्यकर्मियों के निशाने पर रहते हैं। स्वास्थ्यकर्मी मरीजों को बेहतर कॉलेज में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा न मिलने का हवाला देकर एंबुलेंस कर्मियों की मिलीभगत से सेटिंग वाले निजी अस्पतालों में पहुंचा देते हैं। सोमवार को ट्रॉमा सेंटर से एक मरीज को एक एंबुलेंस चालक बातचीत करके एक निजी अस्पताल भी ले गया। वह मरीज के बिहार के चंपारण का रहने वाला था। तारामंडल इलाके में पहुंचते हैं सबसे अधिक मरीज तारामंडल का इलाका अवैध अस्पतालों का हब बन गया है। बीआरडी से निजी एंबुलेंस चालक मरीजों को सीधे तारामंडल पहुंचाते हैं, जहां पर पहले से ही अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मी मरीज का इंतजार करते हैं। पिछले दिनों तारामंडल के एक अस्पताल में इस तरह के मामले भी सामने आए थे। जिस पर विभाग ने जांच की थी तो पता चला कि जिस डॉक्टर के नाम पर रजिस्ट्रेशन हैं, वह दिल्ली में रहते हैं। इस पर विभागीय जांच भी चल रही है।सरकारी एंबुलेंस का करें इस्तेमाल, मिलेगी निशुल्क सीएमओ डॉ. आशुतोष कुमार दूबे ने बताया कि सरकारी एंबुलेंस का इस्तेमाल लोग करें, वह पूरी तरह से निशुल्क है। 108 एंबुलेंस की सेवा कोई भी ले सकता है। जबकि, गर्भवतियों के लिए 102 नंबर एंबुलेंस है। इसके अलावा अब नई सुविधा के तहत निजी अस्पतालों पर भी सरकारी एंबुलेंस मरीजों को लेने जाएगी। अगर 15 से 20 मिनट के अंदर एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंचती है तो लोग इसकी शिकायत भी कर सकते हैं। बीआरडी मेडिकल कॉलेज के अस्पताल अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार राय ने कहा कि बीआरडी मेडिकल कॉलेज के एक स्टाफ नर्स और वार्ड ब्वॉय के खिलाफ दर्ज मुकदमे की जानकारी मिली है। यह बताया जा रहा है कि यह लोग मरीज को एंबुलेंस से निजी अस्पतालों में इलाज के लिए भेज रहे थे। मामले की जांच बीआरडी भी अपने स्तर से करेगा। अगर स्वास्थ्यकर्मी दोषी मिलते हैं तो उन्हें हटाते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## ओम नमो नारायण जनता मंदिर पर हुआ विशाल भंडारा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। हजरतगंज कोतवाली के निकट स्थापित ओम नमो नारायण जनता मंदिर में जेष्ठ मास के प्रथम मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया इस



अवसर पर सर्वराकार बद्री नाथ पाण्डेय,प्रधान पुजारी संत प्रसाद पाण्डेय, पंडित संतोष कुमार, पंडित राकेश पांडे, पंडित हरि शरण दुबे,पंडित राजकुमार, आचार्य रामू पाण्डेय एवं समस्त भक्तगण के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें रजनीश चोपड़ा का विशेष सहयोग रहा।

# सर्प दंश से सपेरा की हुई मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जहरीले सांप को दौडाकर पकड़ने वाला महराजगंज क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव निवासी 32 वर्षीय ललित विश्वकर्मा पुत्र झल्लर की मौत जहरीले सर्प के काटने से हो गयी । ललित विश्वकर्मा कही से कोबरा सांप पकड़कर अपने घर रखा लाया आज सुबह वह उसे कही जंगल मे छोड़ने के लिये जब सांप को पकड़ना चाहा तो सांप खिसियाकर सपेरे ललित को ही ड़स लिया! परिजन झाड़फूक के चक्कर मे इधर उधर दौड़ते रहे हालत बिगडती देख बदलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गये जहा बेहतर इलाज के लिये जिलाअस्पताल रेफर कर दिया ! जिला अस्पताल पहुचते ललित ने दम तोड़ दिया ! मृतक ललित विश्वकर्मा के तीन पुत्र अश्वनी 8 सुमित 4 अमित 2 वर्ष है।

## उच्चका गिरी की सूचना पर हकलान रही पुलिस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के धर्मापुर बाजार में उचक्का गिरी की सूचना पर पुलिस घंटो परेशान रही रामपुर गांव के रहने वाले फिरतु धर्मापुर बाजार की यूनियन बैंक की शाखा पर सोमवार की दोपहर पैसा निकालने गए और बीस हजार रुपये निकाल कर घर के लिए रवाना हुए और एक जेब मे पैसा रखा और कुर्ते के दूसरे अंदर की जेब मे रख दिया और जब घर पे पहुंचे तो ऊपर के जेब मे पैसा खोजने लगे जब पैसा नहीं मिला तो उन्होंने 112 की पुलिस को सूचना दे डाली की उनके जेब से ऑटो में बगल में बैठे लोगों ने पैसा निकाल लिया सूचना पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी केराकत गौरव शर्मा और थानाध्यक्ष देवानंद रजक भी पहुंच गए और हकलान रहे पैसा मिलने के बाद फिरतु ने चौन की सांस ली पूछे जाने पर थानाध्यक्ष देवानंद रजक ने बताया कि फिरतु ने कुर्ते के अंदर की जेब मे रखा था और पैसा गायब होने की सूचना दे दी थी।

## मासूम बच्ची का लैंगिक उत्पीड़न करने के आरोपी को 20 वर्ष की सजा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट काशी प्रसाद सिंह यादव ने सिकरारा थाना क्षेत्र निवासी 8 वर्ष की बच्ची का लैंगिक उत्पीड़न करने के दोषी नंदलाल निषाद को 20 वर्ष की सजा वं 20000 अर्थदंड की सजा सुनाया। दुराचार के मामले में कोर्ट ने 10 अप्रैल 2023 को दुष्कर्म व पास्को एक्ट की धाराओं में आरोप तय किया था प्रतिदिन सुनवाई करते हुए कोर्ट ने मात्र 28 दिन में सभी गवाहों को परीक्षित कराकर सजा सुनाया। अभियोजन कथानक के अनुसार सिकरारा थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता की मां ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उसकी 8 वर्ष की पुत्री बगल के रहने वाले नंदलाल निषाद के घर दिनांक 18 दिसंबर 2020 को 7:00 बजे शाम बेलन लेने गई थी। मासूम बच्ची को अकेला पाकर नंदलाल निषाद ने उसके प्राइवेट पार्ट में अंगुली डाल दिया। पीड़िता भयभीत होकर डरी सहमी हालत में घर आकर चुपचाप सो गई। दूसरे दिन उसने सारी बातें बताई । वादिनी की पुत्री का मेडिकल हुआ व मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज हुआ। पुलिस ने कोर्ट में केस डायरी दाखिल की। सरकारी वकील राजेश कुमार उपाध्याय व कमलेश राय ने कोर्ट में गवाहों का बयान अंकित कराया। कोर्ट में भी पीड़िता ने बयान दर्ज कराते हुए घटना की पुष्टि की। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद नंदलाल निषाद को दोषी पाते हुए सजा सुनाया।

## मुकदमे में वांछित चल रहा अभियुक्त दो असलहों के साथ गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के प्रसाद तिराहे के पास पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मुकदमे में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया जिसके पास से एक स्कार्पियो और दो असलहा बरामद किया पुलिस के अनुसार थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर देवानंद रजक को मुखबिर की सूचना मिली के एक वांछित अभियुक्त प्रसाद तिराहे से असलहा लेकर जा रहा है उपनिरीक्षक राम शंकर पांडेय और अजीमुस्लाम अपने हमराहियों के साथ प्रसाद इंजीनियरिंग कॉलेज के पास पहुंच गए तभी सामने से स्कार्पियो गाड़ी आती दिखी पुलिस ने घेराबंदी कर स्कार्पियो सवार को पकड़ लिया जिसके पास से 1 पिस्टल 1 जिंदा कारतूस और 1 बारह बोर का देशी कट्टा बरामद हुआ पकड़े गए युवक ने अपना नाम आदर्श यादव निवासी गोपालनदंनपुर थाना महाराज गंज बताया पुलिस ने पकड़े गए युवक को चालान कर जेल भेज दिया।

## तालाब खाली कराने पर प्रधान पति को मिली धमकी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत कोतवाली क्षेत्र के थानागद्दी चौकी अंतर्गत बराई गांव निवासी प्रधानपति द्वारा दबंग के कब्जे से तालाब खाली कराने पर उनको जान से मारने की धमकी मिली है। पुलिस कोध तहरीर देकर उन्होंने जान माल की गुहार लगाई है। क्षेत्र के बराई गांव निवासी विराट सिंह प्रधान पति है और प्रतिनिधि के तौर पर गांव का विकास का कार्य देखते है। गांव के एक तालाब पर गांव के ही एक दबंग ने कब्जा कर रखा था, कब्जे से मुक्त कराने के लिए उन्होंने प्रशासन की सहायता से उसे खाली करा दिया, जिसके बाद दबंग प्रधान प्रतिनिधि व उनके परिवार के खिलाफ रंजिश रखने लगे। आए दिन वह गाली गलौज और समाज में बेइज्जती करने की नियत से अपशब्दों का प्रयोग करने लगा। जब प्रधानपति उससे ऐसा करने से मना किया तो दबंग ने उन्हे जान से मारने की धमकी दी। प्रधानपति ने बताया कि उक्त आरोपित के खिलाफ मुम्बई में हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज है। तहरीर लेकर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में सीएचसी के स्टाप नर्स की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत कोतवाली थाना क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी में संविदा पर तैनात स्टाप नर्स की रविवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई ।डॉक्टरों का कहना है कि मौत हार्टअटैक से हुई प्रतीत हो रही है ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार आजमगढ़ जनपद के मेंहनगर थानाक्षेत्र के जाफरपुर गांव निवासी फतेह बहादुर चौहान की तीन पुत्रियां थी बड़ी पुत्री किरण चौहान की शादी हो गई दूसरी पुत्री पूनम चौहान तीसरी नीतू चौहान पूनम चौहान ( सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी में जनवरी 2020 से संविदा पर स्टाप नर्स के रूप में कार्यरत थी ।वह, अस्पताल के पास किराए का कमरा लेकर रहती थी ।उसके साथ एक अन्य महिला कर्मी सुनीता देवी जो 7 वर्ष की पुत्री लेकर रहती थी ।रात लगभग 9.30 बजे उसे पेट में गैस की समस्या के साथ ही दर्द महसूस हुई ।साथी सहकर्मी की मदद से दवा व इंजेक्शन ली ।आराम हुआ तो स्नान की ।इसके बाद बेचौनी के साथ हालत बिगड़ी तो सहकर्मी सीएचसी लेकर पहुंची जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया ।डॉक्टर विवेक का कहना था कि मौत हार्टअटैक से हुई प्रतीत हो रही है ।सूचना पर पहुंची चंदवक पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चंदवक थाना अध्यक्ष विजय शंकर सिंह कहना है कि सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं पीएम के लिए शव भेजा जा रहा है! पीएम रिपोर्ट आने पर ही , स्थिति स्पष्ट होगा! मृतका के पिता फतेह बहादुर चौहान का कहना है कि स्थिति हमको अस्पष्ट नहीं हो पा रहा है पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कह पाएंगे।

# थाने के फॉलोवर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा थाने पर तैनात फॉलोअर की सोमवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने आवश्यक लिखापढ़ी करतें शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। थाना क्षेत्र के सड़ेरी गांव निवासी 34 वर्षीय जितेन्द्र यादव नाटे की थाने पर बतौर फॉलोअर तैनाती थी। रविवार रात्रि में पुलिसकर्मियों को खाना खिलाने के बाद कुछ पुलिसकर्मियों को सूचना मिली की फॉलोअर जितेन्द्र की तबियत अचानक खराब हो गई है। थानाध्यक्ष के निर्देश पर पुलिसकर्मियों ने फॉलोअर को नौपेड़वा सीएचसी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देख जिला अस्पताल रिफर कर दिया जहां सोमवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। चिकित्सकों के अनुसार संभव है कि फॉलोअर कुछ विशाख्त पदार्थ खा लिया था। पुलिस के अनुसार फॉलोअर का पत्नी से कुछ पारिवारिक विवाद हुआ था। मृतक फॉलोअर के पिता दयाराम यादव भी बक्शा थाने पर फॉलोअर के पद पर नियुक्त थे जिनकी मृत्यु 4 वर्ष पूर्व हार्ट अटैक से हो गई थी। उसके बाद पुत्र जितेन्द्र मृतक आश्रित नौकरी पर ड्यूटी कर रहा था। सूचना पर पहुंची पत्नी अंजू व तीन बच्चों का रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह ने बताया कि फालोअर की रविवार की रात तबियत खराब होने की सूचना मिलते ही तत्काल अस्पताल भेजवाया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई आवश्यक कार्यवाही कर शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# सीएचसी में पाई गई खामियों के कारण सीएमओ ने अधीक्षक को लगाई फटकार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बदलापुर तहसील अंतर्गत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह ने सोमवार को सीएचसी में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर मरीजों के साथ किए जा रहे बर्ताव का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने ओपीडी में मरीजों की संख्या की जानकारी करने के बाद कुछ मरीजों से स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी लिया। उन्होंने अस्पताल मैं व्याप्त गंदगी के कारण उठ रही दुर्गंध पर अधीक्षक डॉ संजय दुबे को कड़ी फटकार लगाई। इसके बाद उन्होंने टेलीमेडिसिन सेंटर पर बैठकर डॉक्टर की उपलब्धता की जानकारी लिया। उन्होंने महिला चिकित्सक डॉक्टर लकी शुक्ला एवं डॉक्टर रिचा दुबे के ओपीडी कक्ष में महिला मरीजों की संख्या की जानकारी लिया। पाया की महिला चिकित्सकों ने 35 – 35 मरीजों को देखा है जिसमें एक गर्भवती महिला को खून की कमी के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। दंत कक्ष में पहुंचकर उन्होंने ओपीडी कम पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए दांत के डॉक्टर को कड़ी फटकार लगाई। जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह ने अपनी जांच में पाया कि सीएससी बदलापुर में टीवी के मरीजों की जांच कम हो रही है । कुल मरीजों के सापेक्ष 10: टीवी के मरीजों की जांच होनी चाहिए किंतु ऐसा नहीं हो रहा है। सीएससी में व्याप्त खामियों के चलते मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जहां चिकित्सक अधीक्षक डॉक्टर संजय दुबे से स्पष्टीकरण मांगा है वही सभी चिकित्सकों को चेतावनी पत्र निर्गत किया है। इस मौके पर डॉ गौरव सिंह डॉक्टर कोविदेन्द्र त्रिपाठी डॉक्टर लकी शुक्ला डॉक्टर रिचा दुबे आदि लोग मौजूद थे।

## निर्माणाधीन पंचायत भवन की दीवार अराजक तत्वों ने किया क्षतिग्रस्त

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के धर्मापुर ब्लॉक अंतर्गत सरेमू गांव में निर्माणाधीन पंचायत भवन की दीवार को रविवार की देर रात में अराजक तत्वों ने पूरी तरह से गिरा दिया। सुबह जब निर्माण कार्य में लगे मजदूर मिस्त्री मौके पर पहुचे तो गिरी हुई दीवार को देखकर भौचक्क रह गए। उन्होंने तुंरन्त इस घटना की सूचना ग्राम प्रधान को दी। ग्राम प्रधान रामजीत ने इसकी लिखित तहरीर थाने पर पहुचकर दी। सूचना पर पहुची पुलिस मौके पर जांच पड़ताल कर वापस लौट गई। ग्राम प्रधान सरेमू रामजीत के अनुसार अराजक तत्वों के इस हरकत से हजारों रुपये का नुकशान उठाना पड़ा। इस मामले में पूछे जाने पर थाना प्रभारी गौराबादशाहपुर देवानंद रजक ने कहा कि तथ्यों को चिन्हित कर लिया गया है। सरकारी कार्य में खलल डालने वालों के खिलाफ जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

## पीएफआई का फैला जाल : गांव में लगाई जा रही थी नए संगठन की नर्सरी : खाड़ी देशों से हवाला के जरिए होती थी फंडिंग

लखनऊ ब्यूरो : प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) ने लखनऊ में अपना जाल फैला रखा है। प्रतिबंध के बाद नए संगठन की नर्सरी राजधानी के गांवों में लगा रखी थी। इसके जरिए युवकों को कट्टरता का पाठ पढ़ाते और हथियारों का प्रशिक्षण देते थे। राजधानी के बीकेटी, सैरपुर, गुडंबा व इंदिरानगर के मिश्रित आबादी वाले इलाकों में इनकी गहरी पैठ हो गई। इनका नेटवर्क गाजीपुर, कैसरबाग, मदेयगंज, चौक, वजीरगंज इलाकों में फैला है। गुडंबा से लेकर बीकेटी के बीच में अचरा मऊ का ग्राम प्रधान अरशद इस नेटवर्क की महत्वपूर्ण कड़ी है। इसकी तलाश में सुरक्षा एजेंसियां पिछले एक साल से जुटी है। दो बार हाथ आने से पहले भाग गया। सुरक्षा एजेंसियों के गिरफ्त में आये पीएफआई के जिम्मेदारों ने कुबूल भी किया कि यूपी में बड़ा नेटवर्क तैयार कर रहे हैं। इसके लिए कई इलाकों में ठिकाने बना रखे हैं। पीएफआई द्वारा रची जा रही साजिशों के लिए बैठकों का आयोजन शहर के सबसे भीड़भाड़ वाले इलाके में लाटूश रोड स्थित होटल मेजबान में होती थी। इस होटल में करीब सौ से अधिक बैठकों का आयोजन किया गया। जिसमें देश व विदेश के जिम्मेदार व एजेंट शामिल हुए। यहां हुई बैठकों में यह भी तय किया जाता था कि युवकों को कैसे संगठन से जोड़ा जाएगा। उनको आधुनिक प्रशिक्षण देने के बाद कहां व कैसे भेजना है। प्रशिक्षण के दौरान उनके घूमने–फिरने का पूरा इंतजाम कौन और कैसे करेगा। ताकि इसी लालच में संगठन से युवकों को जल्दी जोड़ा जाए। प्रशिक्षण के लिए एक जिले के युवक को संगठन में शामिल करने के बाद दूसरे जिलों में प्रशिक्षण के लिए भेजा जाता था। युवकों को खास तौर पर यह ताकीद की जाती थी कि वह सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपना नेटवर्क बढ़ायें। साथ ही अपने संप्रदाय के युवकों को जोड़े। देश व प्रदेश की सरकार के खिलाफ कराते थे वोटिंग सरकार व उसकी नीतियों को गलत साबित करने के लिए पीएफआई नए तरीके से विरोध कर रहा था। इसके लिए पीएफआई की एक टीम सोशल मीडिया पर सक्रिय रहती थी। वह सरकार की नीतियों व योजनाओं के संबंध में जानकारी जुटाती और सक्रिय सदस्यों के बीच में भेजकर जनमत संग्रह कराती थी। पीएफआई इसके जरिये सरकार को गलत साबित करने में जुटा था। इसके कई प्रमाण पकड़े गये सदस्यों के मोबाइल से मिले हैं। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक, पीएफआई ने सोशल मीडिया पर लोगों से जुड़ने के लिए एक विशेष सेल का गठन किया था। इसे टेक्नोक्रेट सोशल मीडिया का नाम दिया था। इससे जुड़े सदस्य आधा दर्जन से अधिक यू–ट्यूब न्यूज चौनल चला रहे थे। 350 से अधिक सोशल मीडिया ग्रुप संचालित कर रहे थे। इन




पर सरकार की योजनाओं की डिटेल डालते थे और मुस्लिम विरोधी करार देते। सरकार के खिलाफ जनमत संग्रह कराने के लिए कुछ समय तक वोटिंग कराते थे। यू–ट्यूब चौनल पर कुछ मुस्लिम नेताओं को बैठाकर बहस भी कराते थे। इसके प्रसारण के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म का इस्तेमाल करते थे। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक पीएफआई के सक्रिय सदस्य उलेमा काउंसिल की मदद से धार्मिक उन्माद फैलाने वाले वीडियो तैयार करते थे। उसे गांव व मोहल्लों में सोशल मीडिया के जरिए वीडियो को वायरल कराते थे। गांव–गांव प्रशिक्षित कर केरल भेजने की थी तैयारी सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक नए संगठन को तैयार करने के लिए गांव–गांव घूमकर धर्म के प्रति कट्टर युवकों की तलाश करते थे। उनको अपने शब्दजाल में फंसाते थे। फिर उनके जरिए स्कूलों व कालेजों में छात्रों को यह संदेश दिलाते कि इस्लाम खतरे में है। उनको भड़काने व खुद को उनकी सुरक्षा कवच बताकर फंसाते थे। इबो बाद गांव–गांव में खोले गये अपने प्रशिक्षण शिविरों में ट्रेनिंग देते। इसमें मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग देकर प्रमाण पत्र दिया। इसके अलावा घरेलू सामान से हथियार बनाने का प्रशिक्षण भी दिया था। इन प्रशिक्षित युवकों की खेप केरल भेजने की तैयारी थी। जहां पर संगठन के राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी उनको कुछ दिन हथियारों व धार्मिक कट्टरता का प्रशिक्षण देने वाले थे। इस बात की पुष्टि सुरक्षा एजेंसियों ने की है। पीएफआई के सदस्यों पर इंटेलीजेंस ब्यूरो (आईबी) की निगाह थी। आईबी के पास इस संबंध में कई पुख्ता सुराग थे। जिसमें लखनऊ के युवकों को केरल भेजने की बात भी शामिल है। वहीं, सदस्यों की संख्या बढ़ाने के लिए पीएफआई मदरसा, धार्मिक शैक्षिक संस्थानों, संप्रदाय व अल्पसंख्यक समुदाय की ओर से संचालित स्कूल व कॉलेज को निशाना बनाते थे। यहां अपने सदस्यों के जरिये युवकों से संपर्क करते थे। खाड़ी देशों से हवाला के जरिए होती थी फंडिंग सुरक्षा एजेंसियों की जांच में सामने आया कि खाड़ी देशों से इस संगठन को बड़े पैमाने पर फंडिंग की जाती थी। यह रकम वहां से हवाला के जरिए भारत आती थी। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक गल्फ तेजस डेली केरल मे प्रकाशित तेजस अखबार का एक बड़ा हिस्सा था। इस संगठन से जुड़े सदस्य के जरिए अखबार का निदेशक विदेश से आने वाली रकम देता था। दुबई के नामी रेस्टोरेंट के जरिए भी हवाला का रुपया पीएफआई को दिया जाता था। इसके अलावा पीएफआई के प्रचारक व सक्रिय सदस्य खाडी देशों में जकात का रुपया जुटाते हैं। इसके लिए वहां के पूंजीपति कारोबारियों को देश में मुस्लिमों पर अत्याचार की झूठी कहानी सुनाते हैं। उनसे मिले रुपये से आतंक की पाठशाला चलाते हैं। गरीबों की पढ़ाई व बीमारी के नाम पर मदद का नेटवर्क मजबूत किया था। इसी बुनियाद पर प्रतिबंध के बाद नए संगठन को भी खड़ा करने की तैयारी कर रहे थे।

# उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने किया चन्द्रबली सिंह को विजयश्री दिलाने का आह्वान

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) नगर पंचायत कुमारगंज के चुनाव में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भाजपा प्रत्याशी चंद्रबली सिंह को चुनाव जिताने का आह्वान किया।नगर पंचायत कुमारगंज के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चंद्रबली सिंह के समर्थन में हेलीकॉप्टर से सभा स्थल महर्षि बामदेव पर पहुंचे प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया।उन्होंने अपने संबोधान में चंद्रबली सिंह को भारी बहुमत से विजयश्री दिलाने का आह्वान करते हुए उपस्थित जनसमूह को आश्वासन दिया कि कुमारगंज न्याय पंचायत के विकास में धन की समस्या कभी नहीं होने पाएगी।आप लोग इन्हें चुनाव जिता कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के हाथों को मजबूत करें हम विकास की गंगा बहाते हुए कुमारगंज न्याय पंचायत को पूरे प्रदेश में आदर्श नगर पंचायत बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। कार्यक्रम को वरिष्ठ भाजपा नेता पवन कुमार उपाध्याय,सुल्तानपुर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व बल्दीराय प्रमुख शिव कुमार सिंह,अयोध्या जनपद भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह,निवर्तमान विधायक बाबा गोरखनाथ ने संबोधित किया।नगर पंचायत प्रत्याशी चंद्रबली सिंह ने उपस्थित जनसमुदाय से अपने लिए वोट मांगते हुए कहा कि हमारे जीवन में हमारे कार्य व चरित्र पर कोई उंगली नहीं उठी है। नगर पंचायत में विकास के लिए आया हुआ धन पूरा का पूरा नगर पंचायत के विकास पर खर्च किया जाएगा।इससे पहले निवर्तमान विधायक बाबा गोरखनाथ में मुख्य अतिथि सहित सभी 13 वार्डों के पार्टी के प्रत्याशियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।युवा भाजपा नेता अजय विक्रम सिंह ने महर्षि बामदेव का चित्र भेंटकर मुख्य अतिथि का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी ने किया।इस मौके पर भाजपा नेता भानु प्रकाश गोस्वामी,संतोष शुक्ला,परशुराम पांडे, कृपाशंकर मिश्र,मंडल अध्यक्ष बंशीधार शर्मा,ओमप्रकाश सिंह,काशीराम रस्तोगी,चंद्रभान सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# अवध विवि में वायलिन व गायन प्रस्तुति से श्रोता मंत्रमूग्ध : अवध विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक संध्या का हुआ समापन

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानन्द प्रेक्षागृह में रविवार को संस्कृति मंत्रालय एवं स्पिक मैके के अन्तर्गत आजादी के अमृत महोत्सव की 75 वीं वर्षगाठ पर दो दिवसीय सांस्कृतिक संध्या का समापन हुआ। सांस्कृतिक संध्या के समापन के दिन वायलिन वादन व गायन की प्रस्तुति कलाकारों द्वारा की गई। इसमें विश्व प्रसिद्ध मंजूनाथ मैसूर के साथ एम सुमन्थ, बीएस प्रशांथ, जी गुरू प्रसन्ना, कृष्ण कुमार ने वायलिन वादन प्रस्तुत किया। इनकी प्रस्तृति पर श्रोता मंत्रमुग्ध होकर खूब तालियां बजाई एवं कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। दूसरी ओर गायन में सुप्रसिद्ध उल्लास कैसलर के साथ सुरेश तलवारकार, मिलिंद वासुदेव कुलकर्णी, ओजेश प्रताप सिंह की शानदार प्रस्तुति पर श्रोता गुनगुनाने के साथ झूमने पर मजबूर हुए। सांस्कृतिक संध्या के पहले माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम के दौरान अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल, स्पिक मैके की अध्यक्ष रश्मि मलिक, राज्यस्तरीय सलाहकर मंजुला झुनझुनवाला द्वारा कलाकारों का स्वागत अंगवस्त्रम भेटकर किया गया। सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का संचालन जेबीए एकेडमिक की छात्र–छात्राओं द्वारा किया गया। इस दो दिवसीय सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम को सफल बनाने में स्पिक मैके की राज्य स्तरीय सलाहकार मंजुला झुनझुनवाला, वी0के0 जोशी, प्रो0 नीलम पाठक, अनुराग वैश्य, बबीता पूरन, आशीष मिश्रा, अलीना की सराहनीय भूमिका रही। इस सांस्कृतिक संध्या में पंजाब भाषा विभाग के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर प्रेम भूषण गोयल, कुलसचिव उमानाथ, प्रो0 आर के सिंह, डॉ0 ए0के0 सिंह, प्रो0 शैलेन्द्र कुमार वर्मा, डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी, डॉ0 शशि सिंह, रंजना सिंह, इंजीनियर शाम्भवी एम शुक्ला, डॉ0 मधुलिका शुक्ला, अनूप कुमार सिंह, डॉ0 देशराज उपाध्याय, जया स्वरूप, ब्रह्मनंद गुप्ता, रोहित पाल सहित बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, छात्र–छात्राएं एवं प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

# ट्रक की टक्कर से खरबूजा विक्रेता की मौत

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार।अयोध्या।रुदौली कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर रौजागांव चीनी मिल के निकट के ट्रक की टक्कर से 35 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई।मिली जानकारी के अनुसार रुदौली कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर रौजागांव चीनी मिल के पास रविवार की सुबह सात बजे बाराबंकी जिले के ग्राम नूरगंज निवासी एक युवक अपने खेत से खरबूजा लेकर नवीन मंडी बेचने के लिए लाया था खरबूजा बेचकर वापस जा रहे युवक को रौजागांव चीनी मिल के पास लखनऊ की ओर जा रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया घटना की सूचना मिलते ही भेलसर चौकी प्रभारी दृवेश द्विवेदी 8 हमराहियों ताहिर खान के साथ मौके पर पहुंचकर गम्भीर रूप से घायल युवक को सीएचसी रुदौली लेकर गए जिसे डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।इस सम्बन्ध में चौकी प्रभारी दृवेश द्विवेदी ने बताया कि रविवार की सुबह सात बजे शिव पलटन पुत्र बेचू 35 वर्ष निवासी ग्राम नूरगंज थाना सफदरगंज जिला बाराबंकी नवीन मंडी में खरबूजा बेचकर वापस अपने घर जा रहा था जिसको रौजागांव चीनी मिल के पास अज्ञात ट्रक की टक्कर से घायल हो गया जिसे सीएचसी रुदौली में भर्ती कराया गया जिसे डाक्टरों मृत घोषित कर दिया मृतक के शव का पंचायत नामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया गया है।

# वारियर आफ दि माइंड' सम्मान से अलंकृत हुए डा. आलोक मनदर्शन

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। जिला चिकित्सालय के मनोपरामर्शदाता डा आलोक मनदर्शन को देश की सबसे पहली सिग्नल रेजिमेंट फोर इनफैंट्री डिवीजन सिग्नल रेजिमेंट द्वारा 'वारियर आफ दि माइंड' सम्मान से नवाजा गया है। डा मनदर्शन द्वारा रेजिमेंट के सैनिकों व अधिकारिओ के सतत स्ट्रेस मैनेजमेंट स्केलिंग व ट्रेनिंग सत्र मे सराहनीय योगदान के लिये यह सम्मान प्रदान किया गया है।रेजिमेंट के हेडक्वार्टर प्रयागराज से जारी सम्मान ट्रॉफी को स्थानीय कमांडिंग ऑफिसर मेजर विकी भाटी द्वारा समारोह पूर्वक प्रदान किया गया ।मिलिट्री सिविलियन साझा सहयोग से होने वाले इस मनोसत्र कार्यशाला श्रृंखला की सफलता व सम्मान के लिये डा. मनदर्शन ने जिला चिकित्सालय के प्रमुख अधीक्षक डा सी बी एन त्रिपाठी व रेजीमेंट के अधिकारिओं का आभार व्यक्त किया।

# सपा महानगर के साथ पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने पूरे नगर निगम में किया गहन जनसंपर्क

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार।समाजवादी पार्टी महानगर कमेटी ने पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव महासचिव हामिद जाफर मीसम, उपाध्यक्ष श्री चंद यादव पार्टी के वरिष्ठ नेता गण व्यापारियों और कार्यकर्ताओं के साथ पूरे नगर निगम में जन संपर्क करते हुए मेयर प्रत्याशी डॉ आशीष पांडे दीपू और सभी वार्डों मैं अपने प्रत्याशियों को जिताने के लिए वोट मांगा इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने जन संपर्क करते हुए कई जगह चौपालों को भी संबोधित किया और सभी वार्डों की देव तुल्य जनता से यह अपील की भारतीय जनता पार्टी के झूठ छल महंगाई बेरोजगारी के शासन को देख रहे हैं उन्होंने कहा अयोध्या नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी कि सरकार ने व्यापारियों को उजाड़ कर भुखमरी की कगार पर खड़ा कर दिया है नगर निगम में व्यापारियों गरीब मजदूर रिक्शे वालों के घरों का टैक्स कई गुना बढ़ा दिया है यदि अयोध्या नगर निगम में समाजवादी पार्टी का मेयर और वार्डों के पार्षद बनेंगे तो पहली बैठक में ही प्रस्ताव पास कर टैक्स को कम करने का काम किया



जाएगा और अयोध्या के व्यापारियों को नगर निगम क्षेत्र में दुकान उपलब्ध करा कर उनकी रोजी–रोटी का इंतजाम किया जाएगा उन्होंने कहा आज जिस तरह से जनसंपर्क करने के दौरान व्यापारियों नौजवानों और सभी वार्डों की देव तुल्य जनता का विश्वास और प्यार मिला है इससे लग रहा है अयोध्या नगर निगम में सपा के मेयर और वार्ड प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित है जनसंपर्क के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता महानगर के पदाधिकारी कार्यकर्ता और अयोध्या की देवदूला जनता मौजूद रही।

# कचहरी में पति ने पत्नी पर चाकू से किया हमला : अधिवक्ताओं ने किसी तरह महिला को बचाया

रायबरेली ब्यूरो : रायबरेली की दीवानी कचहरी परिसर में मंगलवार की सुबह उस समय अफरा–तफरी मच गई जब पति ने अपनी पत्नी पर चाकू से हमला बोल दिया। अधिवक्ताओं ने किसी तरह महिला को बचाया और आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़िता की ओर से पैरवी करने वाले अधिवक्ता अनिल कुमार अग्निहोत्री के मुताबिक नसीराबाद थाना क्षेत्र के पूरे दयाराम तिवारी मजरे कोलवा निवासी दुखहरन सिंह का उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले के थाना रुद्रपुर के जयनगर निवासी पत्नी उमा सिंह से पारिवारिक विवाद चल रहा है। दुखहरन सिंह ने पत्नी के खिलाफ तलाक का मुकदमा दाखिल किया है। शनिवार को पीड़िता दीवानी कचहरी परिसर स्थित परामर्श केंद्र जा रही थी। इसी दौरान लॉकप के पास पति ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। अधिवक्ताओं ने किसी तरह महिला को बचाया और उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

# नगर निकाय चुनाव को लेकर पुलिस कप्तान मुनिराज ने किया फ्लैग मार्च

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) नगर निकाय चुनाव को शांति पूर्वक ढंग से सम्पन्न कराने व मतदाताओं में सुरक्षा की भावना को एहसास कराने के लिये पुलिस कप्तान मुनिराज जी ने अपने मातहतों के साथ कोतवाली अयोध्या क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया।पुलिस कप्तान मुनिराज जी ने कोतवाली अयोध्या क्षेत्र के मुहल्लों, बाजारों व चौराहों पर फ्लैग मार्च के दौरान मतदाताओं से बिना भय के निर्भय होकर निष्पक्ष मतदान करे।पुलिस आपके सुरक्षा में हमेशा तत्पर रहेगी। उन्होंने लोगों से यह भी अपील किया कि अगर आप सभी को अपने आसपास किसी संदिग्धावस्था में कोई भी व्यक्ति दिखाई दे या फिर कोई वस्तु दिखाई दे तो शीघ्र से शीघ्र इस सूचना अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन पर दे।जिससे पुलिस समय रहते वहां पर पहुंच कर किसी बड़ी घटना होने से बचा सके। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील किया कि आप द्वारा दिए गए सूचना से बड़ी सी बड़ी घटनाओं को रोका जा सकता है।फ्लैग



मार्च के दौरान पुलिस कप्तान मुनिराज जी ने वहां पर मौजूद सभी पुलिस कर्मियों को छोटी सी छोटी सूचनाओं पर ध्यान देने की बात कही।इस दौरान उन्होंने अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के गेस्ट हाउस, होटलों का निरीक्षण किया।इस मौके पर एसपी सिटी, एएसपी ट्रैफिक प्रोटोकॉल,सीओ ट्रैफिक,सीओ अयोध्या,प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली अयोध्याध के अलावा अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## राम पथ मार्ग के किनारे बने यूटिलिटी डक्ट बन रहा हादसे का कारण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राम नगरी में सहादतगंज से लता मंगेशकर चौक तक तेरह किलोमीटर तक बन रही राम पथ मार्ग के किनारे बन रही यूटिलिटी डक्ट इस समय हादसे का मुख्य कारण बन रही है।अभी कुछ दिनों पहले रिकाबगंज सीओ सिटी आफिस के सामने बने हुए इस नाले में दवा लेने जा रहे एक महिला सहित दो मरीज गिर गये थे।वही पिछले सप्ताह गुदड़ी बाजार क्षेत्र में इस नाले में महिला सवारियों से भरी एक ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट जाने से चार महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई।अभी कुछ दिनों पहले श्रंगार हॉट मुख्य बाजार में पानी भरे यूटिलिटी डक्ट में गोवंश गिर गया।इस यूटिलिटी डक्ट में इलेक्ट्रिक सिटी का वायर भी दिखाई दे रहा है।जो कभी भी किसी बड़े हादसे का कारण हो सकता है।एक दिन पहले एक महिला श्रद्धालु भी राम पथ के यूटिलिटी डक्ट में गिर गई थीं।देखा जाए तो इस तरह की गंभीर समस्या सहादतगंज, रिकाबगंज,जिला



चिकित्सालय, नियांवा, अंगूरीबाग, गुदड़ी बाजार,खवासपुरा, साहबगंज, बेनीगंज,उदया चौराहा, साकेत महाविद्यालय, कोतवाली अयोध्या के सामने,लता मंगेशकर चौक तक गड्ढे ही गड्ढे दिखाई दे रहे हैं। जहां पर घंटों जाम लगा रहता है और इस जाम के चलते कई श्रद्धालु व चार पहिया व पैदल राहगीर इन गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे है।

# पत्रकारों को सुरक्षा व सम्मान का नारा देने वाली सरकार के कार्यक्रम में ही नहीं जारी होता मीडिया पास

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में जहां एक तरफ पत्रकारों की सुरक्षा व सम्मान का दावा बड़े जोर शोर से किया जाता है वहीं पर उसी प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में चलने वाली अयोध्या के पत्रकारों को उनके किसी कार्यक्रम में सुरक्षा के नाम पर पत्रकारों को सूचना विभाग द्वारा मीडिया कार्ड न जारी कर , उनको कवरेज से रोकने का कर्तव्य भरपूर तरीके से निभाया जाता है ।अभी जल्दी ही दो–तीन दिन पहले नगर के मध्य जीआईसी ग्राउंड में मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित चुनावी सभा में कार्यक्रम के 1 दिन पूर्व जहां पत्रकारों से किसी भी विशेष मीडिया कार्ड जारी न होने का वादा और दावा किया गया था अगले ही दिन कार्यक्रम के दिन अपने कुछ चाहेते मीडिया वालों को गुपचुप तरीके से कार्ड बांट कर उनको अभिभूत करते हुए अन्य मीडिया कर्मियों को यह कहके रोक दिया गया कि कार्ड खत्म हो गया है, जिलाधिकारी के सीयूजी नंबर पर जब मेरे द्वारा कार्ड न मिलने के संबंध में बात की गई जिलाधिकारी के पीआरओ द्वारा फोन उठाया गया और बताया गया कार्यक्रम को कवर करने के लिए पत्रकारों को जिलाधिकारी की तरफ से किसी भी विशेष प्रकार के मीडिया कार्ड निर्गत ना होने के आदेश हैं, मतलब अपने प्रेस कार्ड के माध्यम से किसी भी मीडिया कर्मी को कार्यक्रम में उपस्थित होने की छूट है,तो वहीं दूसरी तरफ इंटेलिजेंस यूनिट से बात करने पर पता चला इंटेलिजेंस यूनिट के द्वारा बताया गया सूचना विभाग से जारी कार्यक्रम को कवर करने के लिए विशेष कार्ड जारी किया गया है बिना उस कार्ड की इंटेलिजेंस यूनिट की तरफ से किसी भी पत्रकार को कार्यक्रम में एंट्री नहीं दी जाएगी। कहना चाहते हैं जनपद के तीन प्रमुख स्तंभों के द्वारा तीन तरह के विरोधाभास की सूचनाएं पत्रकारों को प्रेषित की गई कई प्रमुख पत्रकारों को कार्यक्रम में एंट्री नहीं मिली जबकि कुछ पत्रकार जो कि सूचना विभाग की सेवा किया करते हैं मौके मौके पर कार्ड प्राप्त कर और अपने चहेतों को गलत तरीके से कार्ड दिलवा कर गौरव का अनुभव कर रहे हैं । सूचना है कल अयोध्या में संत समाज से मिलने का मुख्यमंत्री का कार्यक्रम है और फिर सूचना विभाग के द्वारा एक सूचना चलाई गई है की सुरक्षा के नाम पर किसी भी पत्रकार को कार्यक्रम के कवर करने की छूट नहीं है मतलब पत्रकारों की एंट्री फिर बंद है प्रायोजित तरीके से एक जैसे बड़े माफिया की हत्या प्रेस वार्ता के नाम पर हुई, और तभी से पत्रकारों की इंट्री सरकार के किसी कार्यक्रम में खासतौर से अयोध्या में भी बंद कर दी गई,क्या सबसे अधिक सुरक्षा में सेंध लगाने का कार्य पत्रकारों के द्वारा ही होता है ? किसी भी संस्थान के बड़े रजिस्टर्ड पत्रकारों का लेखा जोखा क्या सूचना विभाग व जिलाधिकारी सहित जिले की पुलिस कप्तान के पास मौजूद नहीं है और यदि नहीं है जिला अधिकारी पुलिस कप्तान व सूचना विभाग जैसे बड़े तंत्र को फेल मानकर मुख्यमंत्री को कुछ ना कुछ करने की आवश्यकता है । चौथे स्तंभ की गरिमा के रूप में गौरवान्वित होने वाले पत्रकारों का इस प्रकार से तिरस्कार क्या सरकार के कार्यक्रम में उनकी अनुपस्थिति से पत्रकारों के साथ साथ सरकार की गरिमा को ठेस नहीं पहुंचेगी, एक बड़ा सवाल आम जनमानस के समक्ष कृपया इस मामले को मुख्यमंत्री को सीधे संज्ञान में लेकर सुरक्षा के नाम पर चौथे स्तंभ का अपमान करने वाले जिले के ऐसे आला अधिकारियों व सूचना विभाग पर निश्चित कार्यवाही करनी चाहिए ।आखिर पत्रकारों को सरकारी खबर कवर करने से क्या प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोकने का प्रयास नहीं है, आखिर क्यों इतना डर पत्रकारों से?

# स्नातक परीक्षा में धरे गए तीन छात्र

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार।अयोध्या डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की स्नातक परीक्षा में 38 हजार 573 के सापेक्ष 1077 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सोमवार को द्वितीय पाली में सचलदल ने कल्पना शिक्षण प्रशिक्षण पीजी कालेज अयोध्या में तीन छात्र को नकल करते हुए पकड़ा। इन छात्रों पर नियमानुसार कार्यवाही की गई। विश्वविद्यालय परीक्षा नियंत्रक उमानाथ के हवाले से मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि दोनो पालियों की परीक्षा का सचलदल द्वारा सघन तलाशी कराई गई जिनमें द्वितीय पाली की परीक्षा में तीन छात्र नकल करते हुए धरे गए। प्रथम पाली की परीक्षा में 26 हजार 824 परीक्षार्थियों में से 837 अनुपस्थित रहे। वही द्वितीय पाली में 11 हजार 749 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 240 अनुपस्थित रहे। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा




नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए केन्द्रों पर सख्ती की जा रही है। इसके अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरें से भी निगरानी की जा रही है।

# राम कथा का श्रवण करना ही ईश्वर तक पहुंचने का सबसे सरल एवं उत्तम मार्ग

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) ईश्वर तक पहुंचने का सरल मार्ग राम कथा का श्रवण करना है।जो भी व्यक्ति राम कथा को सुनकर इसका अनुसरण करता है उसका जीवन धन्य हो जाता है।यह




बातें शहर के लक्ष्मी सागर के समीप सात मई से पन्द्रह मई तक चल रही राम कथा के दौरान कथा वाचक विनोद महाराज ने कहा। उन्होंने वहां पर मौजूद भक्तजनों से कहा कि भगवान तक पहुंचने का कलयुग में एक ही माध्यम प्रभु श्री राम कथा को सुनना है।उन्होंने बताया कि इस कलयुग में साधु सहज समाधि मानव शरीर में भक्ति का प्रवेश तभी होगा जब वह राम कथा का श्रवण करेगा।जो राम कथा को सुनने का कार्य करेगा वह अपने मन के मंदिर को शुद्ध करेगा।तुलसीदास जी ने जो बातें रामचरित मानस में लिखा है।उसमें मानस का मतलब सरोवर होता है जिसमें राम कथा रूपी पवित्र जल भरा हो वह रामकथा से परिपूर्ण ग्रंथ है। रामचरित मानस में जिस व्यक्ति के पुण्य का उदय होता है, उसे ही राम कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है। भगवत प्राप्ति से व्यक्ति के रोग दरिद्रता एवं अनेकों परेशानियां दूर हो जाती हैं।इस मौके पर कार्तिकेय श्रीवास्तव के अलावा अनेक महिला, पुरुष व अन्य भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने राम कथा का रसपान किया।

# सभी पीएचसी केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का हुआ आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रविवार को सभी 34 पीएचसी पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया।जनपद की सभी पीएचसी केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित हुआ।इस मेले में चिकित्सकों के साथ–साथ पैरामेडिकल स्टॉफ द्वारा




वहां पर आये मरीजों का इलाज किया गया।इस मेले में कुल 81 चिकित्सक तथा 284 पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा सेवाएं प्रदान की गई।स्वास्थ्य मेले में 594 पुरुषों मरीज, 503 महिलाओं मरीज तथा 235 बच्चों का इलाज किया गया।मेले में 12 आयुष्मान कार्ड बने तथा 460 मरीजों के हेल्प डेस्क पर स्क्रीन हुए।265 मरीजों का कोविड टेस्ट हुआ जिसमें पाजिटिव कोई भी मरीज नहीं मिला।वही 7 मरीज आंख के मरीज,39 लिवर के मरीज,56 बुखार के मरीज,40 सांस के मरीज,132 पेट के मरीज,85 शुगर के मरीज,119 चर्म रोग के मरीज, 8 टीबी के सस्पेक्टेड मरीज,20 एनीमिया के,13 उच्च रक्तचाप के,46 प्रसव पूर्व जांच,0 कुपोषित,8 रेफर के साथ 24 मरीजों का मलेरिया जांच कराया गया परंतु इनकी रिपोर्ट निगेटिव रही।

# देश के प्रमुख व्यापारिक केन्द्रों में एक होगी अयोध्या –गिरीश पति त्रिपाठी

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।। नगर निगम के अशोक सिंहल वार्ड में जनसम्पर्क करते हुए भाजपा महापौर प्रत्याशी महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि अयोध्या विश्व पयर्टन के मानचित्र पर स्थापित हो गयी है। यहां निवेश की सम्भावनाओं को इससे सम्बल मिला है। कई निवेशकों की पसंद अयोध्या बनती जा रही है। आने वाले समय में अयोध्या देश के प्रमुख व्यापारिक केन्द्रों में एक होगी। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश गुण्डो, माफियाओं पर कड़ी कारवाई की गयी है। जिसका परिणाम है कि यहां का परिवेश भयमुक्त हो गया है। केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति को मिल रहा है। अयोध्या के विकास के लिए सरकार ने हजारों करोड़ की परियोजनाएं दी है। अयोध्या की महिमा व गरिमा के अनुसार इसका विकास करना व जनअपेक्षाओं को पूरा करना प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर पार्षद प्रत्याशी अंकित त्रिपाठी तथा पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगो की उपस्थिति रही।

सम्पादक मंडल
श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।